राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार

जयपुर, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025

राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346
9828467603

दैनिक | वर्ष : 12 | अंकः 335 | प्रातः कालीन | मूल्यः 3.00 रुपए | पृष्ठः 8 | hamarasamachar02@gmail.com

**सुविचार**

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

# राजस्थान में मौजूद है 20 हजार पाकिस्तानी.. लेकिन दो पाटों में पिस रहे 'हिंदू विस्थापित'!

## आतंक की आग में झुलसने की एक यह भी मजबूरी..

हमारा समाचार

**जयपुर।** पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करते हुए उन्हें देश छोडने का आदेश दिया है। इससे राजस्थान के जैसलमेर के सीमावर्ती गांवों में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिक परेशान हो गए हैं। ये लोग भारत में अल्पकालिक और दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे थे। जैसलमेर में 6,000 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर रहते हैं, जबकि राजस्थान में 20,000 पाकिस्तानी नागरिक हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) और अन्य संबंधित विभागों द्वारा सरकारी आदेशों के बारे में सूचित किया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें भारत छोडना पड़ सकता है। इसी दहशत के चलते पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए विस्थापितों पर यह आदेश लागू नहीं करने का आग्रह किया जा रहा है। आपको बता दें कि राजस्थान में रह रहे अधिकांश को भारतीय नागरिकता नहीं मिली है और इसी वजह से ये परिवार डरे हुए हैं कि कहीं उन्हें भी भारत छोडने को मजबूर न कर दिया जाए। सोढा ने पत्र में आग्रह करते हुए लिखा कि सीसीएस फैसले में कहा गया है कि पाकिस्तानी नागरिक, जो कि वीजा पर भारत आए हैं। उन्हें 48 घंटे में भारत छोडना होगा। सीमांत लोक संगठन सरकार के इस फैसले का स्वागत करता है लेकिन एक आग्रह है कि यह फैसला उन लोगों पर लागू नहीं किया जाए, जो धार्मिक उत्पीडन की वजह से पाकिस्तान छोडकर भारत आने को मजबूर हुए हैं।



**धार्मिक उत्पीड़न की वजह से पाकिस्तान छोड़कर भारत आने को मजबूर हुए हिंदुओं में असमंजस**

**27 अप्रेल तक देश छोड़ने के आदेश हुए है जारी, अधिकांश को नहीं मिल सकी है भारतीय नागरिकता**

**केंद्र सरकार से स्पष्ट निर्देश जारी करने की अपील, हालांकि केंद्र से राहत मिलने की भी उम्मीद**

### अल्पकालीन वीजा पर आई राधा को अपने दो साल के बेटे से बिछडने का डर

अल्पकालिक वीजा पर यहां रह रही पाकिस्तानी नागरिक राधा भील को महज तीन दिन पहले उसका दो साल का बच्चा मिला, जिसे वह पड़ोसी देश में छोड़ आई थी, क्योंकि बच्चे के लिए पहले वीजा जारी नहीं हुआ था। बच्चा महज दो महीने का था जब वह उसे भारत आने के लिए पाकिस्तान में छोड़ आई थी। राधा ने गर्भवती होने पर भारतीय वीजा के लिए आवेदन किया था और बेटे को जन्म देने के बाद उसे वीजा जारी कर दिया गया था। हालांकि, वह अपने नवजात बेटे के लिए वीजा का इंतजाम नहीं कर पाई और उसे पाकिस्तान में ही छोडना पड़ा। दो साल बाद, उसके बेटे को वीजा मिल गया और वह अपने माता-पिता के पास जैसलमेर आ गया। उसे डर है कि उसे अपने बेटे को फिर से पड़ोसी देश भेजना पड़ेगा।

### पाक में अत्याचार सहकर भारत आए हिंदू, अब वापिस भेजे जाने से दहशत

बाड़मेर के इंद्रोई गांव निवासी 25 वर्षीय शैतान सिंह राठौड़ गुरुवार को अपनी पाकिस्तानी दुल्हन से शादी करने के लिए अटारी सीमा के रास्ते पाकिस्तान जा रहे थे। जब वह पाकिस्तान जाने के लिए अटारी पहुंचा तो सुरक्षा एजेंसियों ने उसे ऐसा करने से रोक दिया और वापस भेज दिया। शैतान सिंह की शादी 30 अप्रैल को अमरकोट के नुइया गांव की एक लडकी से होनी थी। एक अन्य पाकिस्तानी शरणार्थी दिलीप सिंह सोढ़ा ने कहा कि केंद्र सरकार का फैसला ह्यपूरी तरह से गलतह्न है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान में बहुत अत्याचार और धार्मिक उत्पीड? सहने और अपना सबकुछ बेचने के बाद भारत आए हैं। अब उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने की बात हो रही है, यह बिल्कुल सही नहीं है। आप हमें यहीं गोली मार सकते हैं। हम यहीं मर जाएंगे।

### राजस्थान में रह रहे बड़ी संख्या में पाक विस्थापित



बता दें कि पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए सबसे ज्यादा विस्थापित पश्चिमी राजस्थान में रह रहे हैं। इसमें बात की जाए तो पाली, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर सहित कई जिलो में बड़ी संख्या में पाक विस्थापित निवास कर रहे हैं, इसमें जोधपुर की बात करें तो यहां बड़ी संख्या में ऐसे परिवार जोधपुर में चौखा, राजीव गांधी आवासीय योजना, सुंदर बालाजी, गंगाणा, काली बेरी, मंडोर इत्यादि क्षेत्र में अस्थाई रूप से कच्ची बस्ती में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश को भारतीय नागरिकता नहीं मिली है। इसी वजह इन परिवारों को डर है कि कहीं उन्हें भी भारत छोडने को मजबूर न कर दिया जाए।

### विभाजन से अब तक भारत आ रहे पाक विस्थापित

सोढा का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार ऐसे धार्मिक रूप से प्रताड़ित लोग भारत की सकारात्मक नीति की वजह से विभाजन से लेकर अब तक लगातार भारत आ रहे हैं। ऐसे लोगों को भारत सरकार अपना हिस्सा मानकर धार्मिक उन्माद का शिकार नहीं होने देने की नीति की वजह से इन्हें न सिर्फ रहने की अनुमति दे रखी है बल्कि इन लोगों को नागरिकता देने के लिए भी विशेष प्रावधान कर चुकी है। इस स्थिति में ऐसे प्रताड़ित विस्थापितों को भी पाकिस्तानी नागरिक मानकर वापस भेजने के आदेश को लेकर असमंजस और भय का माहौल पनप रहा है। चूंकि, ऐसे सर्वाधिक नागरिक पश्चिमी राजस्थान में रह रहे हैं। उनके भारतीय गारंटर व रिश्तेदार भी इस आदेश से परेशान है। केंद्र सरकार से आग्रह है कि इस संबंध में राज्यों के संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक निर्देश प्रदान किए जाए ताकि इस पीड़ित वर्ग को राहत मिल सकें।

**हमारा समाचार व्यू**

## जवाब नहीं-निर्णायक परिवर्तन चाहिए...

विकास शर्मा

कश्मीर घाटी एक बार फिर आतंक की चपेट में है। पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या सिर्फ एक आतंकी कार्रवाई नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश है–जो भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक स्थिरता को चुनौती देती है। यह कोई पहली घटना नहीं है, लेकिन इसकी प्रकृति और टारगेटिंग-जिसमें धर्म के आधार पर नागरिकों को निशाना बनाया गया–देश के साम्प्रदायिक सौहार्द पर भी चोट करती है। सवाल यह है कि जब कश्मीर में शांति की ओर कुछ कदम बढ़ रहे थे, तब आतंक की यह वापसी किसके इशारे पर हुई? भारत की खुफिया एजेंसियों और राजनीतिक नेतृत्व का यह दावा कि इस हमले के तार सीमा पार से जुड़े हैं, अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। सरकार की ओर से उठाए गए कड़े कदम–सिंधु जल संधि का निलंबन, सीमा बंदी, पाकिस्तानी अधिकारियों का निष्कासन–संप्रभुता की दृढ़ता को दशार्ते हैं। किंतु ये कदम केवल जवाब भर हैं। स्थायी समाधान आतंक के स्त्रोतों को जड़ से समाप्त करने में है–इजरायल इसका उदाहरण है। मोदी सरकार भी इसी तरह के संकेत दे रही है की अब बहुत हो चुका है। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में सबसे महत्वपूर्ण है आम नागरिक का मनोबल। भारत का समाज एक बार फिर एकजुट होकर आतंक के खिलाफ खड़ा है-विरोध प्रदर्शन, दुआओं, और पीड़ित परिवारों को सहायता देने के फैसलों से यह स्पष्ट है कि देश आतंक के आगे झुकेगा नहीं। अब समय आ गया है कि भारत न केवल इस हमले का जवाब दे, बल्कि एक व्यापक रणनीति के तहत ऐसे हमलों की पुनरावृत्ति को असंभव बना दे। सिर्फ सैन्य प्रतिक्रिया या कूटनीतिक दबाव नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक एकजुटता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के समन्वय से ही इस समस्या का स्थायी हल निकलेगा। भारत-पाक संबंधों के परिप्रेक्ष्य में यह हमला एक निर्णायक मोड़ बन सकता है। दोनों देशों के बीच दशकों से चली आ रही कूटनीतिक खाई अब और गहरी हो गई है। भारत ने सिंधु जल संधि जैसे ऐतिहासिक समझौते को निलंबित करने का ऐलान काफी सोच समझकर किया है, यह पाकिस्तान को संकेत है की कुछ बड़ा होने वाला है। ऐसे समय में यह भी जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय केवल बयानबाजी न करे, बल्कि पाकिस्तान पर वास्तविक दबाव बनाए ताकि वह आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करे। आतंक के खिलाफ जंग सिर्फ भारत की नहीं, पूरी मानवता की है–और इसका मुकाबला वैश्विक स्तर पर ही संभव है।

# जेजेएम घोटालाः महेश जोशी की गिरफ्तारी पर बोले डॉ. किरोड़ी, देर हुई, पर अंधेर नहीं

हमारा समाचार

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के मामले में टिप्पणी करते हुए कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने इस कार्रवाई को सही करार दिया. मीणा ने आरआईसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि देर हुई, लेकिन अंधेर नहीं. हमारी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति पर काम किया है. खखट घोटाले में कोई राजनीतिक द्वेषता से कार्रवाई नहीं हुई है. ईडी को शिकायत मिली. उसने तथ्यात्मक जांच की और उसके बाद जोशी की गिरफ्तारी की है. मीणा ने कहा कि इस घोटाले की ये आखिरी कड़ी नहीं है. अभी इस घोटाले में ब्यूरोक्रेट्स की भी गिरफ्तारी बाकी है। मंत्री मीणा ने कहा कि खखट के घोटाले पर कहा जा रहा था कि मछलियां पकड़ी जा रही है, लेकिन मगरमच्छ नहीं. अब मगरमच्छ पर भी कार्रवाई हो गई है. पूर्व कैबिनेट मंत्री जोशी की गिरफ्तारी मगरमच्छ की गिरफ्तारी के रूप में देख सकते हैं।



### देर हुई, पर अंधेर नहीं

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को जल जीवन मिशन योजना के तहत लाभ मिलना चाहिए था. वह नहीं दिया गया. करोड़ों का भ्रष्टाचार इस योजना में किया गया. घटिया क्वालिटी के सामानों का इस्तेमाल किया गया. इन सब की जांच हुई तो पूर्व कैबिनेट अब जेल की सलाखों के पीछे हैं।

### राजनीतिक द्वेषता से कार्रवाई नहीं

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कार्रवाई को राजनीतिक द्वेषतावश से की गई कार्रवाई करार दिया था. इस पर कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने पलटवार किया. मीणा ने कहा कि महेश जोशी के खिलाफ ईडी को प्रमाण दिए गए थे. वे सही पाए गए. डेढ़ साल पहले जो शिकायत की गई थी, उसकी जांच गहराई से की गई, यदि आनन फानन में गिरफ्तारी होती तो कोई राजनीति होती, लेकिन इसमें किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं है।

### 900 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ

डॉ किरोड़ी मीणा ने कहा कि खखट में 900 करोड़ रुपए का काम हुआ ही नहीं. 20 हजार करोड़ के ऐसे टेंडर थे, जिन्हें पास किया गया. राज्य में खखट में घटिया काम हुआ. फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए 900 करोड़ रुपए के टेंडर लिए गए. वह सब गलत थे, जिसमें महेश जोशी का हाथ था. आज वह जेल में है. मीणा ने कहा कि इस भ्रष्टाचार में महेश जोशी आखिरी कड़ी नहीं है. ब्यूरोक्रेसी के भी लोग हैं, जो अभी तक पकड़े नहीं गए हैं।

## सीएम भजनलाल करेंगे 1 हजार करोड़ के MOU की समीक्षा

### धरातल पर उतारने के लिए होगा नीतिगत बदलाव

हमारा समाचार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से देश में राजस्थान निवेश का प्रमुख गंतव्य के तौर पर उभर रहा है. समिट में हुए एमओयू क्रियान्वयन से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी बल्कि युवाओं के लिए भी रोजगार के पर्याप्त अवसरों का सृजन होगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर काम किया जा रहा है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए निवेशकों से नियमित संवाद करें तथा क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करे। सीएम शर्मा ने राइजिंग राजस्थान एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा करते



हुए कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, समिट के तहत हुए एमओयू को गति देने के लिए सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर काम करें. श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए काम करें. उन्होंने कहा कि भू-आवंटन से संबंधित शेष एमओयू प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें तथा भूमि आवंटन से जुड़ी रियायतों का भी सरलीकरण किया जाए।

## भाजपा के राजा इकबाल बने दिल्ली के मेयर, 133 मतों से जीते

### कांग्रेस के खाते में महज आठ वोट

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पार्षद व निवर्तमान नेता राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए मेयर चुने गए हैं। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिनमें से वैध पाए गए 141 वोटों में से राजा को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के मनदीप सिंह को आठ वोट मिले। एक वोट अवैध करार दिया गया, यह वोट भाजपा सदस्य का बताया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस को अपने सदस्यों की संख्या के बराबर आठ वोट प्राप्त हुए है। भाजपा के ही जयभगवान यादव निर्विरोध डिप्टी मेयर चुने गए। चुनाव में 120 सदस्यों ने भाग नहीं लिया। इनमें आम आदमी पार्टी के तीनों राज्यसभा सांसद, विधानसभा से



एमसीडी मनोनीत तीन विधायक व 113 पार्षद और भाजपा के सांसद मनोज तिवारी शामिल है। एमसीडी सदन में भाजपा के 135 सदस्य है, लेकिन उसके उम्मीदवार को 133 वोट ही मिले। दरअसल मनोज तिवारी मतदान करने नहीं आए और उसके एक सदस्य का वोट रद्द हो गया। उधर, आम आदमी पार्टी ने कल तक सत्ता में रहने के बावजूद मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में अपने उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारे थे। इसके अलावा उसने इन पदों के चुनाव का बहिष्कार करने का भी ऐलान किया था।



# योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जाये: डॉ. मीणा

## बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्लानिंग के साथ तय समयावधि में पूरा करें

हमारा समाचार

**जयपुर।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि विभागीय योजनाओं और बजट घोषणाओं के प्लानिंग के साथ तय समयावधि में पूरा करे। योजनाओं द्वारा आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति को भी लाभान्वित किया जाये। किसी भी योजना में किसी प्रकार का लीकेज न हो, सभी एक टीम भावना से कार्य करें, जिससे हमारा प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो सके। ग्रामीण विकास मंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेन्स नीति अपनाये जाने के निर्देश प्रदान किये। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार को राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर के सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन संचालन के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि योजनाओं की निरंतर उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। ऐसे में अधिकारी अपने स्तर पर पूर्ण ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा से कार्य समय पर पूरा करे।




### ग्राम पंचायत खेल संकुल

प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खेल संकुल तैयार किये जा रहे है, जिसमें सभी प्रकार के खेलों का समावेश किया जायेगा। सेना भर्ती परीक्षा की दक्षता हेतु आवश्यकतानुसार ट्रेक तैयार किये जा रहे है।

### एनएमएमएस से प्रतिदिन 5 से 7 लाख फर्जी श्रमिकों के नियोजन पर लगी रोक

ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में सामुदायिक प्रकृति के कार्यो में लगे श्रमिकों की उपस्थिति नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) द्वारा की जा रही है। इस उपस्थिति की मॉनिटरिंग राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर टीम गठित कर ऐप के माध्यम से की जा रही है, जिससे प्रतिदिन 5 से 7 लाख फर्जी श्रमिकों के नियोजन पर रोक लगी है। एनएमएमएस के माध्यम से दर्ज की जा रही श्रमिक उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण सुधार हुए हैं। फर्जी श्रमिकों के नियोजन पर रोक लगी है। कार्य स्थल पर वास्तव में उपस्थित श्रमिकों को ही भुगतान किया जा रहा है। नरेगा कार्यो में एनएमएमएस द्वारा की गई जांच में सर्वाधिक अनियमितता पाये जाने वाले 12 जिलों की 130 ग्राम पंचायतों में समितियां गठित कर जांच कराई जा रही है। इस तरह से एनएमएमएस राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर जांच करने का नवाचार है, जिसकी भारत सरकार ने भी सराहना की है।ग्रामीण विकास के तहत फार्म पौण्ड़, डिग्गी, फलदार वृक्ष, मेड़बंदी आदि के लिए 700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 25 हजार सोलर दीदी बनाई जायेगी।

### पौधशाला और मॉडल पंचायत फल वाटिका

राज्य की समस्त 11214 ग्राम पंचायतों में पंचायत पौधाशालाओं को विकसित करने हेतु 2 करोड़ से अधिक पौधे तैयार किये जा रहे है। पंचायत मॉडल फल वाटिका के तहत राज्य की समस्त ग्राम पंचायतों में एक-एक हजार पौधों की मॉडल पंचायत फल वाटिका विकसित की जा रही है, जिसमें पंचगौरव के तहत जिला विशेष फलों के पौधे लगाये जायेंगे।

### हरियालो राजस्थान ऐप

बैठक में हरियालो राजस्थान ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत एवं ब्लॉक पौधारोपण की 3 स्टेज में की जा रही जियो टैगिंग पर चर्चा की गई। ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत पौधारोपण के 1.03 करोड़ एवं ब्लॉक स्तर पर पौधारोपण के 2.07 करोड़ पौधों की जियो टैगिंग की जा चुकी है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण माह अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर ग्रामीण विकास, पंचायती राज विभाग एवं जल संग्रहण विकास को इस वर्ष संयुक्त रूप से 2 करोड़ पौधे लगाये जाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगाये गये सभी पौधों की पूरी देखभाल की जाये। गर्मियों में पानी की व्यवस्था करे और सभी पौधों को जियो टैग से जोड़ा जाये। सभी जिलों के अधिकारियों को 7 दिवस में गत वर्ष लगाये गये पौधों में से नष्ट हुए पौधों की रिपोर्ट बनाकर 7 दिवस के अंदर विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की भौतिक व वित्तीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्वयं सहायता समूह को आगे लाने का प्रयास करने के निर्देश प्रदान किये। बैठक में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, सोलर दीदी, कृषि सखी एवं पशु सखी को बजट में टेबलेट देने का प्रावधान किया गया है और माननीय मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 3 लाख लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

## पांच केन्टर सामान किया गया जब्त

हमारा समाचार

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सत्कार शॉपिंग सेन्टर, नारायण हॉस्पिटल के सामने, आरयूएचएस के सामने प्रताप नगर, बैरवा कॉलोनी, बजाज नगर, त्रिवेणी पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 05 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में सत्कार शॉपिंग सेन्टर, नारायण हॉस्पिटल के सामने, आरयूएचएस के सामने प्रताप नगर, बैरवा कॉलोनी, बजाज नगर, त्रिवेणी पुलिया के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 05 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल पैंथर की मौत

## वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार




हमारा समाचार

**जयपुर।** शाहपुरा खोरी रोड पर स्थित साधुड़ा जोहड़ा के पास देर शाम को अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक पैंथर गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार दोपहर में घायल पैंथर अमरपुरा रोड स्थित जोहड़े में मृत अवस्था में पाया गया। वन विभाग ने मृत पैंथर के शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय में पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार खोरी रोड स्थित साधुड़ा जोहड़ा के पास रात करीब 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से लगने से एक पैंथर गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। बाद में सूचना मिलने पर वन कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन पैंथर घटना स्थल पर नहीं मिला। देर रात तक पेंथर को सर्च किया गया, लेकिन कहीं नजर नहीं आया। शुक्रवार दोपहर में खोरी के अमरपुरा रोड स्थित जीनाकावाली ढाणी जोहड़े में उक्त घायल पेंथर मृत अवस्था में पाया गया। वन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पेंथर के शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय में पहुंचे। जहां क्षेत्रीय वन अधिकारी मुकेश शर्मा ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार कर दिया गया।

# गर्मी और हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य केन्द्रों में समस्त व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने चिकित्सा अधिकारियों को दिये निर्देश

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन

हमारा समाचार



**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गर्मी एवं हीटवेव के दौरान मौसमी बीमारियों को लेकर सभी चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सालयों में समस्त आवश्यक इंतजाम एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों, चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पंच गौरव के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिये। डीटीएफआई की बैठक हुई जिसमें जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गई। साथ ही कम टीकाकरण करने वाले ब्लॉक्स से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले में 24 अप्रैल को प्रारंभ हुए विश्व टीकाकरण सप्ताह पर चर्चा हुई, जिसमे बच्चों व लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे। जिले में टीबी मुक्त अभियान पर चर्चा हुई। मौसमी बीमारियों पर चर्चा के दौरान आगामी दिवसों में एंटी लार्वा गतिविधियों व लू तापघात से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। पर गौरव अभियान के तहत उन्होंने सभी संस्थानों पर बैनर इत्यादि के माध्यम से अधिकाधिक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। राजश्री योजना की द्वितीय किस्त अपडेट करने के निर्देश दिए। तम्बाकू के प्रति व्यापक जागरूकता व नियमित रूप से चालान किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गुड सेमेरिटन व मिशन मधुहारी कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाकारा गाड़ियों को कंडम करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा हुई। एनसीडी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। साथ ही लाडो योजना, पीसीपीएनडीटी, एनीमिया कार्यक्रम, आईएचएपी पोर्टल, एएनसी, पीएनसी एवं प्रसव की रिपोर्ट और लाइनलिस्ट की समीक्षा की गई। साथ ही आभा आईडी, एमएनडीवाई और एमएनजेवाई योजना, मां वाउचर योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम, परिवार कल्याण, जेएसवाय योजना, टीकाकरण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. हंसराज भदालिया सहित ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएचसी एवं पीएचसी अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिव गौशाला में भामाशाह सम्मान समारोह आज



हमारा समाचार

**बोराज।** शिव गौशाला ढाणी बोराज में शिव गौशाला निर्माण सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्री राम कथा ज्ञान गंगा महोत्सव कार्यक्रम में आज शनिवार व रविवार 27 अप्रेल रविवार को राम कथा के मंच से भामाशाह सम्मान समारोह रखा किया जाएगा। गौशाला अध्यक्ष भैरूराम देगडा, उपाध्यक्ष गोपाल यादव, सचिव बनवारी लाल पारीक ने बताया कि ऐसे भामाशाह जिन्होंने गोशाला निमार्ण के समय व बाद में भी गोशाला को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है तथा बाहर से आने वाले अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। 28 अप्रेल सोमवार को राम कथा के समापन पर हवन व प्रसादी का कार्यक्रम होगा । शुक्रवार को रामकथा ज्ञान महायज्ञ में ताड़का वध का सजीव मंचन किया गया।संत पारसमणी महाराज ने रामकथा वाचन में भगवान राम की विभिन्न लीलाओं का बखान किया।

# पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश रैली व कैंडल मार्च, क्षेत्रवासियों ने जताया रोष




हमारा समाचार

**निवारू।** पहलगांव में निर्दोष हिंदुओं पर हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को निवारू के मुख्य चौराहे से आक्रोश रैली एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इस जघन्य हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। रैली के दौरान हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित जनसमूह ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रकट की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभा में निवारू सरपंच सुरेन्द्र कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर यादव, पूर्व सरपंच जीवराज सिंह, गोपाल लाल काला, लादूराम चौधरी, मंदिर महंत अशोक कुमार शर्मा, ओम शर्मा, स्थानीय कार्यकर्ता नारायण सिंह, लेखराज सिंह हरसोली, मोती सिंह, सुनील वैद, रामजी पारीक, बनवारी लाल कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और सरकार से पीड़ित परिवारों को यथासंभव सहायता देने की अपील की।

# शाहपुरा में पंचायत पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, जताया विरोध

## ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी, पंचायतीराज मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमारा समाचार

**जयपुर।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पंचायत पुनर्गठन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जोधपुरा गांव को हनूतपुरा से अलग कर रानीपुरा पंचायत में शामिल करने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस निर्णय को अव्यावहारिक बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी के साथ एसडीएम संजीव खेदड़ को पंचायतीराज मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि जोधपुरा को हनूतपुरा पंचायत में ही रखा जाए, क्योंकि यह गांव महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि रानीपुरा 6 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों ने हनूतपुरा की सुविधाओं पीएचसी, उच्च माध्यमिक विद्यालय व पंचायत मुख्यालय झ्र को



जनसुविधा की दृष्टि से उपयुक्त बताया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह निर्णय बिना जनसहमति के लिया गया है और जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने प्रस्ताव पर पुनर्विचार नहीं किया तो पंचायत चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा और आंदोलन की राह पकड़ी जाएगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश देव गुर्जर, पूर्व चेयरमैन प्रेमदेवी, पूर्व पार्षद हड़मान सैनी, पार्षद घनश्याम सैनी, मुकेश खुडानिया, विशाल पलसानिया, कौशल्या गुर्जर, मोहन रैगर, कजोडलाल लील, रामगोपाल जाट, सीताराम गुर्जर, नरेश वर्मा, विक्रम मीणा, अक्षय सैनी, जगदीश मीणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### इनका कहना है...

पंचायत पुनर्गठन का निर्णय बिना जनसहमति के लिया गया है और जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। यदि सरकार ने प्रस्ताव पर पुनर्विचार नहीं किया तो पंचायत चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा और आंदोलन की राह पकड़ी जाएगी।

**नाथूलाल सैनी,**
**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा**

# तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए नाजुक कुंदन कलेक्शन में प्रस्तुत की सबसे बेहतरीन कारीगरी

हमारा समाचार

**जयपुर।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा, तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए अपना नया कुंदन स्टोरीज कलेक्शन प्रस्तुत किया है। बहुत ही खास डिजाइन और बेजोड़ कारीगरी के जरिए सोने की कारीगरी का सम्मान इस कलेक्शन में किया गया है। अक्षय तृतीया और समर वेडिंग सीजन नजदीक आ रहे हैं, हाथों से बनाए गए नाजुक मास्टरपीसेस प्रस्तुत करने की तनिष्क की प्रतिबद्धता यह कलेक्शन रेखांकित करता है। आधुनिक शान और विरासत का मिलाप इसमें पाया जा सकता है। भारतीय महिलाओं के जीवन में खास दिनों की खूबसूरती और जश्न के अनुरूप बनाए गए डिजाइन प्रस्तुत करके उनके सफर का अटूट हिस्सा बनना तनिष्क का लक्ष्य है। भारत की विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत और तनिष्क महिला से प्रेरणा लेते हुए, कुंदन स्टोरीज कलेक्शन का हर आभूषण हाथों से 200 घंटों तक बनाया गया है, बेजोड़ कारीगरी और विश्वास की तनिष्क की विरासत को दशार्ता है। इस कलेक्शन में राजसी कुंदन डिजाइन हैं, टक्कर का काम, तलफ, घुंगरू बंचिंग, वायर वर्क, पर्ल बंचिंग और डाई-स्टाम्पिंग टेक्निक इसमें इस्तेमाल किए गए हैं। परंपरा और आधुनिक रिफाइनमेंट का सही संतुलन इस कलेक्शन में




बखूबी किया गया है। अक्षय तृतीया की जड़ें सांस्कृतिक परंपराओं में गहरी जड़ी हैं, शुभारंभ के इस त्यौहार में विरासत, परंपरा को कारीगरी और दीघकालीन मूल्य के साथ जोड़ने वाले आभूषणों की मांग बढ़ती जाती है। आज के दौर में उपभोक्ता अनोखे सोने के आभूषणों को पसंद करने लगे हैं, यह कलेक्शन जिंदगी भर याद रखे जाने वाली खुशियों का हिस्सा बनेगा, समृद्धि और कालातीत शान का प्रतीक बनेगा। समर वेडिंग सीजन नजदीक आ रहा है, कुंदन स्टोरीज कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हन की भावनाओं को बखूबी समझता है, इसमें पारंपरिक खूबसूरती और आधुनिक शान का मिलाप है। वेडिंग सीजन में कुंदन आधुनिक दुल्हन की पसंद बनेगा, ब्रांड की उच्च गुणवत्तापूर्ण नाजुक डिजाइन कालातीत खूबसूरती को दशार्ती हैं। तनिष्क ने सोने के आभूषणों की बेहतरीन कारीगरी में नए मानक प्रस्तुत करना जारी रखा है, परंपरा और नवाचार का फ्यूजन चाहने वाली दुल्हनों का यह पसंदीदा ब्रांड है। दिल्ली एनसीआर, हरयाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मुंबई के सभी तनिष्क स्टोर्स में तनिष्क का कुंदन स्टोरीज कलेक्शन उपलब्ध है। कारीगरी, विरासत, बेजोड़ डिजाइन के वचन के साथ ग्राहक अनुभव कर सकते हैं शानदार कलेक्शन का जहां हर आभूषण कला और परंपरा का मास्टरपीस है।

# अल्ट्रावायलेट ने जयपुर में अपने पूरे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का प्रदर्शन किया; पेश किया 'टेसरेक्ट', दुनिया का सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रिक स्कूटर

हमारा समाचार

**जयपुर।** फास्टेस्ट इंडियन मोटरसाइकिल बनाने वाली अल्ट्रावायलेट कंपनी ने गुरुवार को जयपुर में अपनी नई और आधुनिक उत्पाद श्रृंखला का प्रदर्शन किया। पहले से ही तेरह शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी कंपनी का यह प्रदर्शन, अल्ट्रावायलेट की शानदार यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और भारत के हर कोने में अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। राजस्थान भी अब अल्ट्रावायलेट की आधुनिक तकनीक और दमदार प्रदर्शन वाली दोपहिया गाड़ियों का अनुभव कर पाएगा, जिन्होंने पूरे देश में ग्राहकों को लुभाया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के वादे के अनुरूप अल्ट्रावायलेट इसी साल जयपुर में अपना एक शानदार एक्सपीरियंस सेंटर भी खोलेगी। सेल, सर्विस और स्पेयर पाट्र्स की संपूर्ण सुविधाएं देने वाला यह 3एस एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को गाड़ी खरीदने से लेकर रखरखाव तक, सभी तरह की सेवाएं देगा।ये जयपुर और आसपास के सारे क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव सुनिश्चित करेगा। अल्ट्रावायलेट के सीईओ और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, हमें आज पिंक सिटी में अपनी संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला प्रदर्शित करने पर गर्व है। भारत के स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, जयपुर सतत विकास, जीवन की गुणवत्ता में सुधार और स्मार्ट सड़कों जैसी कई पहलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए सक्रिय रूप से काम करते हुए गतिशीलता को फिर से परिभाषित करने पर शहर का जोर सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देता है। यह टिकाऊ नवाचार के लिए बढ़ती भूख है जो प्रदर्शन उन्मुख, डिजाइन-संचालित और टिकाऊ गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी दृष्टि के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, जो सरकार के प्रोत्साहन को और बढ़ाती है। हमारा मिशन विश्व स्तरीय नवाचार को पूरे भारत में सुलभ बनाना है, और हम जयपुर




और राजस्थान में ग्राहकों को एक सहज, उन्नत स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एफ 77 मेच 2 और एफ 77 सुपरस्ट्रीट एकदम नए स्तर का प्रदर्शन देती हैं, और सिर्फ 2.8 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती हैं। ये मोटरसाइकिलें 10.3 किलोवाट–घंटा बैटरी पैक से लैस हैं और 30 किलोवाट (40.2 हॉर्सपावर) की अधिकतम पावर देती है। इनमें 100 एनएम का दमदार पीक टॉर्क मिलता है। यह मात्र 2.8 सेकंड में 0 से 60 किमी प्रति घंटे की गति पकड़ती है और 155 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड तक पहुंच सकती है। इसकी दमदार आइडीसी रेंज 323 किलोमीटर है। अल्ट्रावायलेट के मौजूदा वैकल्पिक पैकेज भी एफ 77 के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं, जो राइडिंग के अनुभव को और भी बेहतर बनाते हैं। एफ77 मेच 2 और एफ 77 सुपरस्ट्रीट की एक्स-शोरूम कीमत 2,99,000 रुपए है। इन बाइक्स की बुकिंग कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.ultraviolette.com पर शुरू हो चुकी है। कंपनी ने दो नए आम इस्तेमाल वाले उत्पाद भी पेश किए- दुनिया का सबसे आधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटर टेसरेक्ट और एक अनोखी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल शोकवेव। टेसरेक्ट में अपने सेगमेंट में पहली बार रडार और डैशकैम एक साथ लगे हैं, जो ओमनीसेंस मिरर के साथ मिलकर ब्लाइंडस्पॉट डिटेक्शन, लेन बदलने में मदद, ओवरटेक करने में सहायता और टक्कर की चेतावनी जैसे आधुनिक सुरक्षा फीचर देते हैं।

# वासुदेव डेयरी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जांच दल के साथ की कार्यवाही

## 1100 लीटर मिलावटी दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति व 10 किलो सिंथेटिक पेस्ट करवाया नष्ट

हमारा समाचार

**पावटा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एडीएम ओमप्रकाश सहारण व सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ग्राम नागड़ीवास में मिलावटी दूध बनाने की सूचना मिलने पर जांच दल के साथ मौके पर पहुंची। जहाँ नागड़ीवास की वासुदेव डेयरी में अनिल पुत्र कैलाश गुर्जर मौके पर मिला। गुर्जर ने बताया कि ये प्लांट उनका स्वयं का है और वो स्वयं हि उसके मालिक है। निरीक्षण में मिलावटी सामग्री देख खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों एवं प्रशासन को अवगत कराकर मौके पर बुलवाया। निरीक्षण के दौरान परिसर में 40 किलो मिल्क पाउडर, 25 किलो वनस्पति, 10 किलो पेस्ट, 15 मिक्सी और दो गैस बरामद किया। करीबन 01 हजार लीटर मिलावटी दूध तैयार करके पीकअप लोड कर शाहपुरा लोटस डेयरी में दूध भेजने की तैयारी चल रही थी, मौके पर प्लांट में वनस्पति के 56 खाली पीपे पाए गए जो कि यह दूध बनाकर इस्तेमाल कर चुका था। इससे प्रतीत होता है कि उक्त



व्यक्ति कई वर्षों से कार्य करता है एवं आम जनता को विक्रय कर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इन सभी खाद्य पदार्थों का एक्ट एवं सर्विलेंस में सैंपल लिया गया। दूसरी ओर नागड़ीवास में काव्या दूध डेयरी का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें करीब 20 किलो मिल्क पाउडर 15 किलो वनस्पति बरामद हुआ तथा यहाँ करीबन 100 लीटर मिलावटी दूध तैयार कर रखा था। उक्त दोनों जगह दूध प्लांट से खाद्य पदार्थों का एक्ट एवं सर्विलेंस में सैंपल लिया गया जो कि प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया जायेगा एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। टीम ने जनहित को मध्य नजर रखते हुए तैयार किया मिलावटी खाद्य पदार्थों करीब 1100 लीटर दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति एवं 10 किलो सिंथेटिक पेस्ट नष्ट करवाया। आरोपी पैसे कमाने की लालच में रासायनिक पदार्थों का उपयोग कर मिलावटी दूध बनाकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे थे। खाद्य सुरक्षा टीम ने आमजन से किसी भी तरह की मिलावट की सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को देने की बात कहीं है। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा, प्रागपुरा बीसीएमओ कृष्ण सिंह शेखावत, हैड कांस्टेबल देवेंद्र, कांस्टेबल रामजीलाल, महिला कांस्टेबल सुनील, जयसिंह आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससी क्लियर करने से प्रज्ञा सैनी को बुके भेंट

## प्रागपुरा में स्वागत अभिन्दन 27 अप्रैल को



हमारा समाचार

**पावटा।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा उतीर्ण कर प्रज्ञा सैनी ने अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सैनी को यूपीएससी क्लियर करने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वहीं प्रागपुरा कस्बा निवासी अजय सैनी ने प्रज्ञा सैनी की सफलता पर खुशी व्यक्त कर उनको बुके भेंट देते हुए बधाई दी। प्रज्ञा अजय सैनी की मौसेरी बहन है। जिससे परिजनों समेत रिस्तेदारियों में भी खुशी का माहौल है। वहीं समाज सेवी विजय सैनी ने बताया यूपीएससी एग्जाम क्लियर करने पर प्रज्ञा सैनी का प्रागपुरा पुलिस थाना स्थित रविवार 27 अप्रैल को प्रातः 09 बजे ग्रामीणों द्वारा स्वागत अभिन्दन किया जायेगा।

# आबकारी थाना की अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाकर ले जाने के मामले में 2 अभियुक्त और गिरफ्तार

हमारा समाचार

**पावटा।** जिला एसपी राजन दुष्यन्त द्वारा मंगलवार 22 अप्रैल को आबकारी थाना प्रागपुरा के कार्मिकों के साथ मारपीट कर उनकी अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाकर ले जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुये घटना में संलिप्त आरोपीयान की पहचान की जाकर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया है, जिसकी पालना में एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन में कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में कोटपूतली थानाधिकारी राजेश शर्मा, प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह, विराटनगर थानाधिकारी सोहन लाल, सरूंड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह, कोटपूतली महिला थानाधिकारी प्रदीप यादव व



भाभरू थानाधिकारी जयप्रकाश के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया। एएसपी वैभव शर्मा ने बताया कि आबकारी थाना प्रागपुरा के एएसआई पदम सिंह जमादार द्वारा पुलिस थाना प्रागपुरा में दर्ज करवाये प्रकरण 139/25 को संज्ञान को लेते हुए गठित टीमों द्वारा कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करते हुये घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की जाकर बदमाशों की पहचान करते हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिला साईबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश देते हुए बुधवार 23 अप्रैल को गिरफ्तार 06 आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर घटना में संलिप्त अन्य आरोपीयान के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ शुरू की गई और करीब 40 से अधिक ठिकानों पर दबिश देकर उक्त घटना में संलिप्त दो ओर आरोपी विजय सिंह पुत्र राम प्रसाद गुर्जर निवासी चानचक्की थाना सरुण्ड व शिम्भू सिंह पुत्र गिरधारी सिंह राजपूत निवासी सुदरपुरा ढाढा थाना प्रागपुरा को दस्तयाब कर उक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से गहनता से अनुसंधान कर अन्य की तलाश में जुटी है।

# मातृशक्ति ने पंछियों के लिए बांधे परिंडे सिद्ध गणेश मंदिर से किया श्री गणेश

हमारा समाचार

**फुलेरा।** कस्बे की जागरूक मातृशक्ति ने सेवा कार्यों के अंतर्गत शुक्रवार को अल सुबह न्यू कॉलोनी स्थित सिद्ध गणेश मंदिर के समीप स्थित वृक्षों पर मूक पंछियों के पीने के पानी के लिए परिंडे लगाए। स्थानीय महिला नेत्री गीता शर्मा ने बताया कि मंदिर के पंडित जितेंद्र शर्मा एवं मंदिर समिति के यादराम शर्मा के सानिध्य में शुक्रवार को यहां की महिलाओं ने सेवा कार्य के तहत बेजुबा पक्षियों के पीने के पानी के परिंडे लगाए। इस अवसर पर गीता शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में भीषण गर्मी के चलते इन बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, यह केवल धर्म का कार्य ही नहीं अपितु यह हम जागरुक एवं



मानव जाति का कर्तव्य भी बनता है। इन बिना जुबान के पंछियों की भूख प्यास मिटाने के लिए हमें आगे आना होगा और प्रकृति के इन स्वच्छंद पंछियों को बचाना होगा इसके लिए उन्होंने बताया कि आगे भी यह है परिंडे लगाने का क्रम जारी रहेंगा। इस अवसर पर गीतादेवी शर्मा, बीना शर्मा, शांति देवी, गुड्डीशर्मा, पिंकी सोनिया, मीनाक्षी शर्मा, पूनम कुमावत, सुमन कुमावत, अनु अग्रवाल, गीता माली, सुमन जांगिड़, संगीता शर्मा, किरण शर्मा व नीतू सहित महिलाएं उपस्थित रही।

# गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु पक्षियों का हाल बेहाल

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** पक्षियों एवं वन्य जीवों के बिना प्रकृति अधूरी है। पक्षी प्रकृति की खूबसूरती बढ़ाने के साथ साथ हमें तनावमुक्ति और शांति का संदेश देते हैं। आज शहरों से पक्षी घर आंगन से लगभग गायब से



हो गए हैं, लेकिन गांवों में आज भी पक्षियों की चहचहाट और उनकी मौजूदगी मन को प्रसन्न कर देती है, लेकिन इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से पशु पक्षियों एवं वन्य जीवों का हाल बेहाल है। पर्याप्त मात्रा में दाना पानी नहीं मिलने से व्याकुल होकर इधर उधर भटक रहे हैं। आसपास के तालाब भी खाली पड़े हैं। वहीं मेंढ़ा नदी बहे कई वर्ष बीत गए हैं। वन्य जीवों के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया है। नील गाय जहां भोजन व पानी की तलाश में खेतों में भटक रही है, वही बंदर भूख के मारे घरों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। मोर मोरनी, गोरिया, तोता, कौआ एवं बिलियां पानी के लिए घरों की छत एवं दरवाजे पर आकर बैठ रहे हैं। ऐसे में हर किसी को बढ़ती गर्मी में इन जीवों की मदद करनी चाहिए।

# जयपुर मंडल यात्री आय में संपूर्ण उत्तर प. रेलवे में प्रथम स्थान पर

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में जयपुर मंडल 1222.58 करोड की यात्री आय के साथ पहले स्थान पर

हमारा समाचार

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में यात्री, मालभाडा व अन्य आय से कुल 2286.10 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया। जो कि अब तक की सर्वाधिक आय अर्जित की है। जो पिछले वित्तीय वर्ष से 6.81 प्रतिशत अधिक हैं। जयपुर मंडल नें यात्री आय सें 1222.58 करोड़, मालभाडा सें 859.93 करोड़ व अन्य से 203.7 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार के दिशा निर्देशन में जयपुर मंडल नें अब तक कि सर्वाधिक रिकॉर्ड आय अर्जित की है। मंडल नें वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2286.10 करोड़



रुपए की आय अर्जित की हैं। मंडल नें वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1222.58 करोड रुपए की यात्री आय के साथ संपूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा। जयपुर मंडल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 671.76 लाख यात्रियों ने यात्रा कि जिससे मंडल को 1222.58 करोड़ रुपए की यात्री आय हुई है। जयपुर मंडल के जयपुर रेलवे स्टेशन सें 196.54 लाख यात्रियों नें यात्रा कि जिससे 725.60 करोड़ यात्री आय के साथ जयपुर मंडल एवं संपूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा साथ ही जयपुर मंडल पर रींगस रेलवे स्टेशन सें 46.55 लाख यात्रीयों नें यात्रा कि जिससे 76.73 करोड़ के साथ द्वितीय एवं रेवाड़ी रेलवे स्टेशन सें 71.98 लाख यात्रीयों नें यात्रा कि जिससे 55.16 करोड रुपए कि आय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जयपुर रेल मंडल नें माल लदान में किए गए अभिनव प्रयासों से वर्ष 2024-25 में 09.94 मिलियन टन माल लदान किया है। जिससे 859.83 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। साथ ही अन्य स्त्रोतों सें 203.7 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है। इस दौरान यात्री आय ही जयपुर मंडल की आय का प्रमुख स्त्रोत बना।

# आज सप्तमी नवरात्रि पर विशाल जागरण एवं देश भर के प्रवासी भक्तजन दर्शन करने आयेंगे

हमारा समाचार

**किशनगढ़ रेनवाल।** शक्तिपीठ श्री कुल्लू वाली माताजी मन्दिर, रेनवाल धाम के मुख्य पुजारी श्री नाथूराम जी ने बताया कि आज सप्तमी नवरात्रि को मातारानी विशाल जागरण होगा। जिसमें देशभर से भक्तजन माताजी के दरबार में दर्शन करने के लिए यहां पहुंचेगें। साथ ही श्री कुल्लू वाली माताजी सेवा समिति के प्रमुख प्रबंधक जसवंत पुजारी ने बताया कि नवरात्रों में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता हैं। जो भी भक्तजन मां को श्रद्धा भाव से मन्नत करता हैं उसकी मनोकामना पूर्ण होती हैं। दुर्गा अष्टमी नवरात्रि को विशेष पोशाक से श्रृंगार व सजावट और नवमी को 56 प्रकार व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। साथ ही श्री कुल्लू वाली माताजी सेवा समिति के सदस्यों विशेष कार्यभार दीया गया। इस अवसर पर सुनिल साँखला, सेवक मोतीराम साँखला, शंकरसिंह साँखला, गिरधारी राजोरा, संदीप साँखला, दिनेश शर्मा, महादेव



प्रजापत, हितेन्द्र सिंह साँखला, राकेश प्रजापत, राजेन्द्र स्वामी, राजवीर सिंह साँखला, अर्जुन योगी, रोहित साँखला, सिद्धार्थ वर्मा, रतनलाल दायमा, अशोक प्रजापत, राकेश कुमार चौबे, रवि मनोहर, मनीष डाबरिया, मुकेश मीणा, गायक भवानी सिंह, टीकम मनोहर, राजेन्द्र उज्जैनिया, विजय खटनावलिया, संदीप खन्ना, कुनाल, आर्यन, हरिओम, राजन, साजन अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और गाँवों से देश का विकास संभवः खारड़िया

## सुजातनगर में मनाया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

हमारा समाचार

**पावटा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सुजातनगर में गुरूवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पंचायत प्रशासक विनोद देवी ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में पंचायती राज प्रणाली का राष्ट्रीय



दिवस है जिसे पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया था। वार्ड पंच संजय खारड़िया ने कहा पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधार स्तम्भ है और यह दिन पंचायती राज प्रणाली के महत्व और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य ग्रामीण स्वशासन को मजबूत करना और पंचायती राज संस्थाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। यह दिन भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। खारडिया ने कहा कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और गाँवों के विकास से ही देश का विकास संभव है। इस दौरान डॉ. मोहन लाल, हरिराम कटारिया, विक्रम यादव, सुनील कुमार, उदयपाल, सुरेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रागपुरा में सूफी संत कबीरूद्दीन शाह का 69 वां उर्स शुक्रवार को

## जायरीनों के लिए कि जा रही रात्री में ठहरने, भोजन एवं पार्किंग की व्यवस्था

हमारा समाचार

**पावटा।** कस्बे में इंडोर स्टेडियम स्थित सूफी संत हजरत मौलाना बाबा कबीरूद्दीन शाह रहमतुल्ला तआला अलैह का 69 वां सालाना उर्स आगामी शुक्रवार 02 मई को प्रागपुरा में बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। उर्स में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दो दिवसीय कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र से पहुंचने वाले जायरीनों व ग्रामीणों के लिए भोजन व्यवस्था की जा रही है। कमेटी सदस्य ग्रामीणों के सहयोग से उर्स की मुक्वल तैयारियों में एकजुट है। वक्फ बोर्ड कमेटी प्रागपुरा सदर आमिन मंसूरी व नायब सदर अयूब लुहार के मुताबिक उर्स में दूर दराज से आने वाले हजारों जायरीनों और मेहमानों के लिए रात्री में ठहरने, भोजन एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था की जाएगी।



इस अवसर पर जुम्मेरात की सुबह 04 बजे हजरत को गुस्ल शरीफ दिया जाएगा एवं सुबह 07 बजे कुरान खानी फातिहा शरीफ तथा रात 10 बजे मिलाद का प्रौगाम होगा। उर्स के मौके पर देश के नामी गिरामी उलेमाओं की तकरीर व कुल शरीफ की रस्म सभी जायरीन मिलकर करेंगे। वहीं शाम को कस्बा के मुख्य बाजार शाही जामा मस्जिद से चादर व गुलपोशी लेकर कव्वालियों के साथ चादर की रस्म अदा की जाएगी एवं नमाजे इंशा कव्वाली प्रौग्राम का आयोजन होगा।

# पहलगाम आंतकी हमले को लेकर बोराज में आक्रोश, पाकिस्तान का पुतला फूंका

हमारा समाचार

**बोराज।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले को लेकर बोराज गांव के युवा काफी आक्रोशित हैं। युवाओं और ग्रामीणों में आंतकवादीयो के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्राम बोराज में युवाओं ने पंचायत प्रशासक सुरेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। पंचायत भवन बोराज से केंडल मार्च निकालकर बालाजी चौराहे बोराज पर एकत्रित होकर पाकिस्तान का पुतला जलाया। हमले के विरुद्ध पाकिस्तान मुदार्बाद ओर आतंकवाद का पुतला जलाकर कर ग्रामवासियों ने कड़ा विरोध प्रदर्शित किया। केंडल मार्च के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विरोध प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की। आक्रोश प्रकट करते हुए आतंकवाद




मुदार्बाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, दूध मांगोगे तो खीर देंगे लेकिन कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे, जैसे नारे लगाए। ग्रामवासियों ने कहा कि अब आतंकवादी संगठनो को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। केन्द्र सरकार को इस आंतकी हरकत का बदला लेना चाहिए। इस मौके पर प्रशासक सुरेन्द्र सिंह मीणा, अखेराम चौधरी, विष्णु चोटिया, शंकर लाल गौड़वाल, भगवान सहाय बैरवा, रमेश मीणा, बंटी मीणा, शिमला चौधरी, अर्जुन कड़वा, श्याम गिरी गोस्वामी, कैलाश शर्मा, धारासिंह चौधरी, रामधन रैगर, सुरेश फौजी, निखिल अग्रवाल, पंकज कुमार जैन, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# एसीजेएम कोर्ट जोबनेर में न्यायिक कार्य स्थगित कर जताया आतंकी हमले का विरोध

हमारा समाचार

**बोराज।** जोबनेर के एसीजेएम कोर्ट मे शुक्रवार को पहलगांव( जम्मू-कश्मीर ) में हुए आंतकी हमले का विरोध प्रदर्शन किया गया। एडवोकेट




रामावतार सिंह राव ने बताया कि आंतकी हमले में शहीद हुए लोगों को सादर श्रद्धांजलि दी गई। आंतकी हमले की कड़ी निन्दा की गई। तथा इस कायराना हमले के विरोधस्वरूप अउखट न्यायालय जोबनेर में न्यायिक कार्य स्थगित रखा गया। इस मौके पर रीडर गोविन्द सिंह शेखावत, अमित पारीक, महावीर व बार एसोसिएशन जोबनेर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभू डिसानिया, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र परिहार, अधिवक्ता गंगाराम प्रजापत, अधिवक्ता रामावतार सिंह , अधिवक्ता बबलू कुमावत , अधिवक्ता केलाश चन्द सांसी, अधिवक्ता आशीष कुमावत, मुंशी बोदूराम कुमावत मौजूद रहे।

# फुलेरा में होगा दाधीच समाज का समागम, 27 को

## 30अप्रैल को होगी महर्षि दधीचि की प्रतिमा स्थापना, धर्मगुरु, आचार्य, विद्वान पंडित एवं गणमान्य करेंगे शिरकत

हमारा समाचार

**फुलेरा।** महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान जयपुर एवं दाधीच समाज सेवा समिति फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में 27 अप्रैल को फुलेरा के विप्र वाटिका में संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक आसोपा के सानिध्य में आमसभा एवं विशाल समागम आयोजन होगा एवं 30 अप्रैल को महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान के सानिध्य में त्याग मूर्ति महर्षि दधीचि की प्रतिमा की स्थापना धर्मगुरु, आचार्य एवं विद्वान पंडितो की मौजूदगी में होगी। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यगण और दाधीच समाज बंधु भाग लेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक आसोपा के सानिध्य में 27 अप्रैल को फुलेरा के विप्र वाटिका में सुबह 10:00 बजे से दाधीच समाज समागम



का शुभारंभ किया जाएगा। वही 30 अप्रैल को फुलेरा में जन कल्याण संस्थान के तत्वाधान में त्याग मूर्ति महर्षि दधीचि ऋषि की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। फुलेरा दाधीच समाज सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्र दाधीच ने बताया कि विशाल दाधीच समाज समागम में फुलेरा एवं आसपास के दाधीच समाज के लोग भी सम्मिलित होंगे। फुलेरा दाधीच समाज ऐसे महायज्ञ का साक्षी बनेगा जिसकी लो से पूरा दाधीच समाज प्रकाशमय होगा। समाज अध्यक्ष डॉ गणेश चंद्र दाधीच के अथक प्रयासों से दाधीच समाज समागम का परचम पहली बार फुलेरा में लहराएगा। उन्होंने बताया कि संस्था के कार्य कारिणी सदस्यों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा। समाज को आगे बढ़ाने में समाज में एकजुटता के लिए अपनी बात रखने का अवसर सभी को दिया जाएगा।

# डिवाइन एकेडमी ने दी पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि

हमारा समाचार

**बोराज।** कस्बे में स्थित डिवाइन एकेडमी में शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था निदेशक दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की तथा मोमबत्तियां जलाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर संस्था निदेशक शर्मा सहित अन्य अध्यापकों ने भी हमले की कड़ी



निंदा की तथा इस तरह की आतंकी घटनाओं तथा उनके सरपरस्तों से सख्ती से निपटने की आवाज उठाने के साथ नारेबाजी की।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।



अग्रलेख

प्रभुनाथ शुक्ल

# हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा

**आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं।**

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है।

भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है।



वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुई है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुईं हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

## आतंकी हमला

मनोज कुमार अग्रवाल



# नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है




संकलित

## दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## ताज की बढ़ी सुरक्षा



उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल पर मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षाकर्मी चौकसी बरत रहे हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *–राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

**-मार्क कार्नी , पीएम, कनाडा**

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। **-शेखर कपूर, फिल्मकार**




## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचे श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

# महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

## सेन समाज का 22 वा वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह आज

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में स्तिथ नारायणी माता मंदिर में 22 वा वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । सेन समाज विकास समिति के श्याम लाल सैन ने बताया की कार्यक्रम में सैन सम्मेलन विकास एवं कुरीतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा जिसमे खंडेलावाटी एवं तंवरावाटी के सेन समाज से जुड़े गणमान्य नागरिक हिस्सा लेंगे।सम्मेलन से पूर्व माता नारायणी एवं सैन जी महाराज को बेंड बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी एवं नगर भ्रमण करवाया जाएगा जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए माता नारायणी शक्ति पीठ पहुचेगी।रथ यात्रा में जगह जगह पुष्प वर्षा भी की जाएगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल सेन अध्यक्ष तंवरावाटी सेन समाज एवं तुलसी राम सैन सेन समाज खंडेलावाटी उपस्थित रहेंगे।

## घुघाड़ी धाम में निकला प्राचीन कुआं, ऊंचे ऊंचे टीलों के मध्य रात भर से खुदाई चालू



हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** महावा के निकटवर्ती घुघाड़ी धाम में प्राचीन कुआ निकला ।रात भर से खुदाई चालू है ।भक्तों के सहयोग से खुदाई हो रही है और रात को 3:00 बजे तक संत अवध बिहारी महाराज की भक्तों के साथ कुए की खुदाई में साथ रहे ।इन टीलो के मध्य दो कुए पहले से हैं उन में पानी है और तीसरा प्राचीन कुआं यह निकला है। धाम प्राचीन संतो की तपोस्थली होने के साथ पानी का भंडार निकलता जा रहा है क्योंकि पहले से ही दो बोरवेल और दो कुए है उनमें पानी है और पांचवा धाम का एक हिस्सा कुआं और निकल आया यह धाम भक्तों के लिए बहुत ही खुशी का माहौल है।

## आयोजनः भामाशाहों व पत्रकारों के साथ महाविद्यालय विकास कार्यों पर हुई चर्चा



हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** स्थानीय राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय, नीमकाथाना में भामाशाहों सहित पत्रकारगण भी 25.04.2025 को सत्रांत समाप्ति के अवसर पर एक जलपान कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मंजू वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस के पश्चात महाविद्यालय में हाल ही किए गए कार्यों का विवरण तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यों की श्रेणी में 06 कम्प्यूटर व प्रिंटर क्रय, स्टेज पर टीनशैड का निर्माण, स्टॉफ रूम का आधुनिकीकरण, इन्वेटर व बैटरी क्रय, वाटर कुलर, कक्षाओं हेतु पंखे का क्रय, बाहरी परिसर में लॉन विकसित करना, फोटो स्टेट मशीन व एलईडी 56 इंच, छत मरम्मत कार्य, कक्षाओं हेतु फर्नीचर व्यवस्था आदि कार्य विषय पर चर्चा की गई, , साथ ही आये हुए अतिथियों को महाविद्यालय परिसर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी करवाया गया। इस कार्यक्रम में दौलतराम गोयल, के.आर. सिलोलिया, डॉ.बी.डी.वर्मा, भंवर सिंह तंवर, कुशाल चौहान, विकास कुमावत, मनीष टांक, सुरेश यादव, इन्द्राज आदि अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सभी सदस्यों ने महाविद्यालय में चल रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों हेतु अपना पूर्ण समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## रावत राम आर्य की जयंती पर किये श्रद्धा सुमन अर्पित



हमारा समाचार

**चूरू।** आदर्श छात्रावास में चूरू जिले के प्रथम जिला प्रमुख व पांच बार विधायक रहे स्व. रावत राम आर्य की जयंती गुरुवार षाम समारोह पूर्वक मनाई गई। गौरतलब है कि स्व. रावतराम आर्य इस छात्रावास के संस्थापक भी रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षा का अवसर देने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की थी। कार्यक्रम में छात्रावास अध्यक्ष व उनके पुत्र मोहनलाल आर्य ने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि स्व. आर्य का जीवन समाज सेवा, शिक्षा और ग्रामीण उत्थान के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रावास की स्थापना उनका दूरदर्शी कदम था, जिससे आज सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य ने स्व. रावत राम के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक समाज निमार्ता भी थे। उन्होंने शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने का जो सपना देखा, वह आज भी इस छात्रावास के रूप में जीवित है। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने स्व. आर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा।

## पहलगांवः आत्मघाती हमले के विरोध में चूरू बंद आज

**चूरू।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए नरसंहार के विरोध में विष्व हिंदू परिषद् और बजरंग दल की ओर से षनिवार को चूरू बंद का आह्वान किया गया है। विष्व हिंदू परिषद् की ओर से गढ़ स्थित हनुमान मंदिर में षुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मेजर विनोद शर्मा और बजरंग दल के प्रखंड संयोजक कमलेश राव ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए नरसंहार के विरोध में 26 अप्रैल शनिवार को चूरू बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद भी आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है।

# एंटी टेररिस्ट फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बिट्टा पहुंचे खाटूश्यामजी

### बिट्टा ने पत्नी के साथ बाबा श्याम के दर्शन कर देश में खुशहाली की कामना की

### प्रताप सिंह चौहान ने एम एस बिट्टा को करवाई विधिवत रूप से पूजा अर्चना

## खाटूश्याम जी से पहले जीणमाता मंदिर में भी एम एस बिट्टा ने जीण माता के किए दर्शन

हमारा समाचार

**सीकर।** एंटी टेररिस्ट फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा अपनी पत्नी के साथ खाटूश्यामजी पहुंचे और बाबा श्याम के दरबार में शीश नवा कर विधिवत पूजा अर्चना की और देश में खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई और श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर बिट्टा और उनकी पत्नी का स्वागत किया। खाटूश्याम जी पहुंचने से पहले एम एस बिट्टा ने जीण माता के मंदिर में पहुंचकर जीण माता के दरबार में शीश नवाकर मातारानी के दर्शन किए। खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के दर्शन करने के बाद पहलागाम में हुए आतंकी हमले को लेकर बयान देते हुए कहा कि पहलगाम की घटना के बाद हर



हिंदुस्तानी में आक्रोश दिख रहा है लेकिन यह वक्त सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने का नहीं है बल्कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित तमाम एजेंसियां इन आतंकियों को पहलगाम हमले का जवाब देने के लिए जो कुछ भी कदम उठाए जा रहे हैं हम सबको सरकार पर भरोसा करना चाहिए और प्रत्येक भारतीय को प्रधानमंत्री और भारत सरकार को यह भरोसा दिलाना चाहिए कि आप जो कुछ करोगे देश की जनता उनके साथ है। मैं खुद भारतीय जनता पार्टी का नहीं हूं लेकिन फिर भी मुझे हमारे देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर पूरा भरोसा है कि वे आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जो कुछ भी कदम उठाएंगे वो देश हित में होगा।

# पहलगाम आतंकी हमला : विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों व सर्वसमाज ने किया सीकर बंद

### जगह-जगह आक्रोश रैलियां निकाली और पाकिस्तान के पुतले फूंके, कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

हमारा समाचार

**सीकर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की बर्बर हत्या से देश में गुस्से और मातम का माहौल है। देशभर में जगह-जगह पाकिस्तान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किए जा हैं। वहीं इस आतंकी हमले के विरोध में हिंदू संगठनों व सर्वसमाज ने शुक्रवार को राजस्थान के कई जिलों में बंद का आव्हान किया है। इस दौरान शुक्रवार को सीकर, नीमकाथाना, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर में भी सुबह से ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल सहित अन्य संगठनों ने



इस कायराना कृत्य के खिलाफ एकजुट होकर सीकर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान व बाजार बंद कर विरोध जताया है। वहीं हिंदू संगठनों द्वारा जगह-जगह आक्रोश रैलियां निकाली और आतंकवाद व पाकिस्तान के पुतले फूंके। बतॉं दे कि शाम को 5:30 बजे आतंकी हमले में शहीद हुए लोंगो को श्रद्धांजलि भी दी गई। जिले में गुरुवार को भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सीकर के जाट बाजार, शेखावाटी विश्वविद्यालय, राजकीय कन्या महाविद्यालय, रामगढ़ और दांतारामगढ़ में आतंकवाद का पुतला जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया। वहीं एसएफआई की और शाम को कैंडल मार्च निकाला गया। शुक्रवार सुबह से ही हिंदू संगठनों ने सीकर के व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों से इस बंद को समर्थन देने की अपील की गई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बॉर्डर के इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। बाड़मेर-जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर पर इरत्र्रहाई अलर्ट पर है। तारबंदी के पास एक्स्ट्रा फोर्स लगाकर चौकसी बढ़ाई गई है। सीमावर्ती जिलों में पुलिस भी अलर्ट है। बाड़मेर, जैसलमेर व श्रीगंगानगर समेत अन्य इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## चूरू के एडवोकेट सद्दाम हुसैन बने पीसीसी की ओर से बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा प्रभारी

हमारा समाचार

**चूरू।** कांग्रेस पार्टी की ओर से संचालित संविधान बचाओ अभियान के अन्तर्गत दिनांक 28 अप्रैल 2025 को जयपुर के रामलीला मैदान में प्रातः



10 बजे कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़-के की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली में राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों एवं विधानसभाओं से कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान प्रदेश की सभी विधानसभाओ में विधानसभा समन्वयकों की नियुक्ति की गई है जिसमें चूरू के एडवोकेट सद्दाम हुसैन को बीकानेर पश्चिम विधानसभा का विधानसभा समन्वयक नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह ने उपलब्ध करवाई आटा चक्की



हमारा समाचार

**राजलदेसर।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बंडवा में भामाशाह महावीर सिंह राठौड़ द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता की पुण्य स्मृति में राजकीय बालिका विद्यालय में एक आटा चक्की भेंट की गयी । प्रधानाचार्य प्रभु राम जांघू ने समाजसेवी महावीर सिंह राठौड़ का आभार व्यक्त किया। प्रेरक रामावतार दाहिमा (कोलकाता) व श्री कृष्ण गोपाल शर्मा का भी विद्यालय स्टाफगण ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के भोजराज शर्मा, रचना प्रजापत, पिंकी मीना, राजवंती मीना, ललिता साहू भी मोजूद रहे।

## खेतान ट्रस्ट द्वारा सरकारी स्कूल में वाटर कूलर एवं दरी भेंट की गई



हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभजी खेतान ट्रस्ट झुंझुनूं के सौजन्य से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 27 में गर्मी के मौसम में बच्चों को शीतल जल उपलब्ध हो सके के लिए वाटर कूलर एवं बच्चों के बैठने के लिए एक बड़ी साइज की दरी भेंट की गई। स्कूल की ओर से संस्था प्रधान सांवरमल ने अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। खेतान ट्रस्ट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। उन्होंने बच्चों को मोटिवेशन देते हुए सफलता के गुर भी सिखाए और बताया कि सक्सेस कैसे प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को न केवल ज्ञानवर्धक बातें ही बताई अपितु कैसे स्वस्थ रह सकते हैं के बारे में भी बताया। लॉयन शिव कुमार जांगिड़ ने स्वागत उद्बोधन दिया साथ ही बच्चों से प्रश्नोत्तरी भी की एवं सही उत्तर देने पर अपनी ओर से उन्हें पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, उपाध्यक्ष शिवकुमार जांगिड़, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वरलाल हलवाई, स्कूल संस्था प्रधान सांवरमल एवं अध्यापिका मुन्नी देवी सहित स्कूली बच्चे एवं स्टाफ उपस्थित था।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह शुरू 30 अप्रेल तक चलेगा अभियान

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** चिकित्सा विभाग की ओर से प्रदेश में विश्व टीकाकरण सप्ताह शुरू किया गया है। जो 30 अप्रेल तक चलेगा। यह विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि 24 अप्रेल को केंद्रीय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने खसरा रूबैला उन्मूलन अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया। इसके तहत राज्य में 24 से 30 अप्रेल तक विश्व टीकाकरण सप्ताह के रूप में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत टीकाकरण से वंचित योग्य बच्चों व लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण की सभी एंट्री यूविन पर दर्ज की जाएगी। राज्य स्तर से 28 अप्रेल तथा एक मई को समीक्षा की जाएगी। आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने बताया कि जिले में एमआर प्रथम व एमआर द्वितीय डोज के लिए टीकाकृत लाभार्थियों की एंट्री यूविन पर दर्ज के साथ साथ गूगल शीट पर प्रतिदिन दर्ज की जाएगी। ताकि अभियान के तहत प्रतिदिन की प्रगति के बारे में पता चल सके और कम उपलब्धि वाले ब्लॉक व सैक्टर से तत्काल चर्चा कर लक्ष्य अनुसार प्रगति अर्जित की जा सके। उन्होंने बताया कि विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

## राजलदेसर को पंचायत समिति व कृषि मंडी बनाने को लेकर कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### 2 मई को चक्का जाम करने की दी चेतावनी

हमारा समाचार

**राजलदेसर।** राजलदेसर में पंचायत समिति व सरकारी कृषि उपज मंडी बनाने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का धरना शुक्रवार को 10 वें दिन भी जारी रहा । किसान मोर्चा के जनप्रतिनिधि मण्डल की ओर से चूरू जिला कलेक्टर व रतनगढ़ एसडीएम को ज्ञापन देकर अवगत करवाया की हमारी दोनों मांगे जायज है यह मांगे स्वीकृत नहीं की गई तो 2 मई को राजलदेसर तहसील कार्यालय के आगे नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे । वहीं राजस्थान शिक्षक संघ ने भी धरने को समर्थन दिया । इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भाम्भु, उपाध्यक्ष विजयपाल कड़वासरा, मदनलाल कलवाणिया , मुलसिह दस्सुसर, कामरेड हड़मानाराम मुहाल, भागुराम कालेर, हरीराम कालेर, छगनलाल कालेर, राजुराम कालेर, खुमाराम कालेर, शंकरलाल कालेर, पेमाराम कालेर सिमसीया, आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल, हड़मानाराम शीलू, धनाराम बिस्सू, नौरंगलाल कड़वासरा, मेघाराम भाम्भु जैतासर, भागुराम पड़िहार सहित सेंकड़ों किसान मोजुद रहे।

## झुंझुनूं रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में अव्यवस्थाओं का आलम, गर्मी में राष्ट्रीय पक्षी मोर मिला बेहाल

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से भले ही वनों और वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर प्रयास किए जा रहे हो। लेकिन झुंझुनूं में इसका कोई असर नहीं देखा जा रहा है। जी हां, बताया जा रहा है कि झुंझुनूं रेंज कार्यालय में जब से रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने पदभार संभाला है तब से मानों हाल बदहाल बनते जा रहे हैं। वन्यजीवों के घायल होने पर उनके इलाज के लिए बनाएं गए रेस्क्यू सेंटर की बात करें तो अब उसका कोई धणी धोरी नहीं नजर आ रहा हैं। जिससे यहां मजबूर




होकर वन्य जीवों को प्राण त्यागने पड़ रहे हैं। झुंझुनूं रेंज कार्यालय में स्थित रेस्क्यू सेंटर में गत दिनों करंट से घायल एक राष्ट्रीय पक्षी मोर को भेजा गया था। लेकिन उसके इलाज में अभी तक कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए हैं। यह खुलासा तब हुआ जब हमारी टीम ने झुंझुनूं रेंज कार्यालय का औचक दौरा किया। टीम ने जाकर देखा तो एक बड़े जाल में बंद राष्ट्रीय पक्षी मोर भीषण गर्मी में बेहाल नजर आया। मोर के लिए भोजन पानी भी कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही थी। पानी भी गंदमेला होने की वजह से मोर उसे पी नहीं रहा था। करीब आधे घंटे तक हमारी टीम ने देखा कि राष्ट्रीय पक्षी मोर की सुरक्षा को लेकर वन विभाग के जिम्मेदार लापरवाह नजर आ रहे हैं। इधर बात करें तो चाहें वह राष्ट्रीय पक्षी हो या फिर अन्य वन्य जीव इसके प्राणों को बचाने और उनके संरक्षण को लेकर झुंझुनूं रेंजर विजय कुमार फगेड़िया की बड़ी उदासीनता नजर आ रही है। इससे बड़ा सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि आखिर राष्ट्रीय पक्षी मोर जिसको लेकर सरकार और विभाग इतना गंभीर है वहीं झुंझुनूं रेंजर फगेड़िया इस मामले में इतने बेपरवाह क्यों नजर आ रहे हैं।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर हुए जनजागरूकता आयोजन

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** मलेरिया रोकथाम और बचाव की जागरूकता के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सीएमएचओ ऑफिस से एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना साथ ही जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि मच्छर जनित रोगों



में सर्वाधिक फैलने वाला संक्रामक रोग है-मलेरिया। शरीर में कंपकंपी, तेज सर्दी के साथ तेज बुखार होना मलेरिया संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। मलेरिया बुखार जानलेवा नहीं है। लेकिन उपचार में देरी या सही उपचार न मिल पाना मलेरिया से मृत्यु होने का कारण बन सकता है। मलेरिया रोग का संक्रमण मादा एनाफीलिज नामक मच्छर के काटने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाता है। पानी के स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा स्वच्छता अपनाकर मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित करके मलेरिया के फैलाव को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में मच्छर जनित रोगों से बचाव के एंटी लार्वा गतिविधियों का आयोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न माध्यमों से आमजन को जागरूक किया जा रहा। उन्होंने बताया कि अपन सभी जिलेवासियों को अपने आस पास पानी एकत्रित नहीं होने देना है। कूलर गमले पानी की टंकी आदि की हर रविवार को सफाई करनी ताकि लार्वा न पनपे। उन्होंने बताया कि जन जागरूकता के लिए विभाग ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म आईईसी झुंझुनूं पर विशेष जनचेतना कैंपेन चलाया है। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप फौजदार, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

## रूपनाथ जी धाम बुड़ाना का वार्षिकोत्सव

### हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हमारा समाचार

**झुंझुनूं।** बुडाना गांव के कासिमपुरा रोड पर स्थित श्री रूपनाथ जी धाम का आठवां स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से गुरुवार को मनाया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान हुई भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे तो वहीं गायकार प्रकाशचंद्र गुर्जर छैला, कैलाश एंड डांस पार्टी की ओर से भजनों पर एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को बांधे रखा। इससे पहले सुबह यज्ञ में आहुतियां देकर कार्यक्रम



की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिर परिसर में देर रात तक मेला भी लगा रहा। मेलें मे बच्चों और महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। तो वहीं भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालु व भक्त ही दिनभर सेवा में लगे रहे। जिससे परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। महंत बाल योगी पूनमनाथ महाराज ने बताया कि वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान आस-पास के ग्रामीणों के साथ हरियाणा, पंजाब समेत अन्य जगहों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जो रातभर भजनों का आनंद लेते हुए झूमते रहे। तो वहीं विभिन्न मंदिरों और आश्रमों से संत-महात्मा भी कार्यक्रम में शिरकत की। जिनका बालयोगी पूनमनाथ महाराज व भक्तों की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंदिर में सहयोग करने वाले दानदाताओं और समाजसेवियों का भी सम्मान हुआ। मान्यता है कि रूपनाथ धाम पर मत्था टेकने पर उसके कष्ट हर लिए जाते हैं। इधर सुरक्षा की दृष्टि से मेले में बगड़ थाने का जाब्ता रात-भर तैनात रहा।

# 'भूल चूक माफ' फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में राजकुमार राव और वामिका गब्बी पहुँचे जयपुर

हमारा समाचार



**जयपुर।** आज के सिनेमा प्रेमी ऐसे फिल्मी अनुभव की तलाश में रहते हैं, जो न केवल उन्हें एक अद्भुत कहानी से जोड़ सके, बल्कि उनके दिलो-दिमाग पर लंबे समय तक असर भी छोड़ सके। इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए, मैडॉक फिल्म लेकर आया है बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक टाइम-लूप फिल्म भूल चुक माफ, जो शुरू से लेकर आखिरी तक, और यहाँ तक कि थिएटर के बाहर भी दर्शकों को अपने साथ जोड़े रखने का वादा करती है। समय और स्थान की सीमाओं से परे इस कहानी के प्रमोशन के सिलसिले में फिल्म के मुख्य कलाकार राजकुमार राव और वामिका गब्बी ऐतिहासिक शहर जयपुर पहुँचे। फिल्म के प्रमोशन के दौरान, राजकुमार राव और वामिका गब्बी ने जयपुर के प्रमुख स्थलों का दौरा किया और सांस्कृतिक वैभव से रूबरू हुए। उन्होंने अपनी यात्रा गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन से शुरू की, जहाँ दोनों ने फिल्म की सफलता के लिए मन्नत का धागा बाँधा। इसके बाद दोनों राज मंदिर पहुँचे, जहाँ दोनों ने फिल्म के बारे में मीडिया से बातचीत की और दर्शकों से जुड़ने के लिए तस्वीरें खिंचवाईं। दोनों कलाकारों ने बापू बाजार में जयपुर की विशेष संस्कृति को जीया और यहाँ के प्रसिद्ध पकवानों का आनंद लिया। इसके बाद भूल चूक माफ के रंजन और तितली यानि राजकुमार और वामिका हवा महल पहुँचे, जहाँ की अद्भुत वास्तुकला और यहाँ की ऐतिहासिक महिमा ने उन्हें खूब लुभाया। वामिका गब्बी ने इस प्रमोशन यात्रा को लेकर अपनी भावनाएँ साझा करते हुए कहा, जयपुर के अलग माहौल और यहाँ की संस्कृति ने मुझे बहुत आकर्षित किया। यहाँ का हर कोना और हर स्थान अपनी अलग कहानी सुनाता है। भूल चूक माफ के प्रमोशन ने मुझे जयपुर के दिल से जुड़ने का अद्भुत मौका दिया। यह अनुभव मेरे लिए बहुत खास रहेगा। वहीं राजकुमार राव भी जयपुर के इस एक दिन के सफर में बड़े उत्सुक दिखे। उन्होंने कहा, जयपुर की वास्तुकला और यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर ने फिल्म की टाइम-लूप कहानी को और भी आकर्षक बना दिया। यहाँ के लोग, संस्कृति, और यहाँ के दृश्य फिल्म की कहानी को और जीवंत बनाते हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान जयपुर में जो माहौल था, वह अविस्मरणीय है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है, जबकि इसे प्रोड्यूस दिनेश विजान ने किया है। फिल्म की संगीत रचना ए.आर. रहमान ने की है, जो इसकी भावना और कहानी को और भी खास बना देती है। भूल चूक माफ 09 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। भूल चुक माफ एक रोमांटिक टाइम-लूप फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव और वामिका गब्बी के पात्र अपनी शादी के दिन समय के एक अजीब लूप में फँस जाते हैं। यह फिल्म दर्शकों को न सिर्फ भावनाओं से भरे रथ में बैठकर अद्भुत सैर कराएगी, बल्कि समय के इस रोमांचक खेल में जकड़े हुए दो लोगों के रिश्ते की गहराई को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाएगी।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सदस्यता गौरव की बात: डॉ. जैन



हमारा समाचार

**अजमेर।** विदिशा के स्थानीय अटल विहारी बाजपेयी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के द्वितीय बैच एमबीबीएस ग्रेजुएशन समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में संबोधित करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष डॉ. महेंद्र जैन ने 140 नव सृजित चिकित्सकों से कहा कि आपने दुनिया के सबसे पवित्र पेशे को चुना है जो हमेशा सच्ची लगन और कड़ी मेहनत की माँग करता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हर एमबीबीएस चिकित्सक का मातृ संगठन है, इसकी सदस्यता गौरव की बात होती है और यह सदस्यता पूरे देश में आसानी से स्थांतरित हो जाती है। आईएमए चिकित्सकों के हित में कार्य करते हुये उत्कृष्ट और नैतिकता को बढ़ावा देता है। साथ ही चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओ को सुलभ और प्रभावी बनाते हुए सभी चिकित्सकों के बीच आपसी एकता और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देते हुए उन्हें एक सांझा मंच प्रदान करता है । उन्होंने कहां कि आप सभी आईएमए की सदस्यता लेने के लिए सादर आमंत्रित है। आपके पास अपने भविष्य को आकार देने की अपार शक्ति है आप अपने सपनों को साकार करने में कड़ी मेहनत करे और आगे बढ़े। अपने मरीजों के साथ अपने परिजनों, अपने संगठन और अपना स्वयं के लिए अवश्य समय निकाले। हम सभी आपके साथ है। अंत में सभी नव चिकित्सकों द्वारा ग्रेजुएशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# आग: शार्ट सर्किट से लगी चोपहिया वाहन में आग



हमारा समाचार

**नरैना।** भीषण गर्मी से पशु-पक्षी व इंसान ही आहत नहीं है अपितु चोपहिया वाहन भी भीषण गर्मी की वजह से शार्ट सर्किट होकर आग पकड़ लेते हैं। ऐसा ही वाकया शुक्रवार की सांय पांच बजे बस स्टैंड के पास घटित हुआ जब एक वैन चालक अपनी गाड़ी स्टार्ट करने लगा तो गर्मी की वजह से शार्ट सर्किट होकर वैन ने आग पकड़ ली। लेकिन गनीमत रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ ओर आग पर जल्दी ही काबू पा लिया गया।

# कॅम्पस ने सोडाला में खोला नया स्टोर प्रदेश में रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार

हमारा समाचार

**जयपुर।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कॅम्पस ने सोडाला में नए एक्सक्लुजिव स्टोर के लॉन्च के साथ राजस्थान में अपनी रीटेल मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने और उन्हें ओमनी-चैनल का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता के तहत यह विस्तार किया गया है। 1006 वर्गफीट में फैले इस नए स्टोर में कॅम्पस की ओर से आधुनिक कलेक्शन को पेश किया गया है, जिसमें पुरूषों एवं महिलाओं के लिए स्टाइलिश और फंक्शनल फुटवियर शामिल हैं। उपभोक्ता यहां स्नीकर्स, परफोर्मेन्स शूज तथा लिमिटेड एडीशन जैसे आइकोनिक कैरेक्टर्स बैटमैन एवं सुपरमैन से प्रेरित एक्सक्लुजिव वार्नर ब्रदर्स कलेक्शन की खरीददारी कर सकते हैं। लॉन्च के अवसर पर उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए कॅम्पस आकर्षक इनॉग्रल ऑफर भी लेकर आया है। स्टोर में खरीददारी करने वाले उपभोक्ता चुनिंदा आर्टीकल्स पर फ्लैट 40: ऑफ का लाभ उठा सकते हैं। इस ऑफर के तहत उपभोक्ता आकर्षक दामों पर उच्च गुणवत्ता के ट्रैंडी एवं फेशनेबल फुटवियर्स की खरीददारी का मौका पा सकते हैं। इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, सीईओ एवं होल टाईम डायरेक्टर कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, जयपुर के सोडाला में नए स्टोर का लॉन्च मुख्य बाजारों में विस्तार की दिशा में एक और उपलब्धि है। नए स्टोर के लॉन्च के साथ, कॅम्पस के अब देश भर में 297 एक्सक्लुजिव रीटेल आउटलेट्स हैं, जो ब्राण्ड के तीव्र विकास को दशार्ता है। हाल ही में मुख्य बाजारों में नए स्टोर्स की ओपनिंग के चलते ब्राण्ड की पहुंच बहुत अधिक बढ़ी है और आज यह ब्राण्ड बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की पहुंच में आ गया है। कॅम्पस आज के आधुनिक उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा ब्राण्ड बनने पर निरंतर फोकस कर रहा है, जो अपने फुटवियर में स्टाइल के साथ फंक्शनेलिटी की भी उम्मीद रखते हैं। ब्राण्ड युवाओं को अपने फैशनेबल विकल्पों के साथ अपनी अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करता है।

# जलदाय विभाग की टीम द्वारा अवैध कनैक्शनों पर चलाया गया अभियान

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** जलदाय विभाग की टीम द्वारा रेनवाल सांभर से नवरंगपुरा राईजिग मेम पाइपलाइन में बीसलपुर लाइन में 07 अवैध पेयजल कनैक्शन



काटे गये है। जलदाय विभाग सहायक अभियन्ता संजय कुमार व बीसलपुर पेयजल परियोजना-जोबनेर प्रबंधक सत्यनारायण गोस्वामी सहित जलदाय विभाग की टीम को सूचना मिली की सांभर से नवरंगपुरा राईजिग मेम पाइपलाइन में जलदाय विभाग की गठित टीम ने शुक्रवार को 07 अवैध कनेक्शन जेसीबी मशीन की सहायता से काटे गये इस दौरान टीम को जगह जगह विरोध का सामना करना पड़ा। गौरतलब है की भीषण गर्मी में एक और जहां ग्रामीण परेशान है सहायक अभियन्ता सांभरलेक ने बताया की टीम द्वारा नियमित अंतराल पर अभियान चलाया जाता है आगे भी नियमित चैकिंग कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन

हमारा समाचार

**जयपुर।** शुक्रवार को जिले में विश्व मलेरिया दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले में कई जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस  थीम पर मनाया गया। इस मौके पर एंटी लार्वा गतिविधियों के साथ पंपलेट वितरण किया गया। साथ ही इस दौरान बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाइड एकत्र की गई। साथ ही लार्वा प्रदर्शन कर आमजन को मच्छरों की उत्पत्ति के बारे में बताया गया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि मलेरिया दिवस के तहत निदेशालय के निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित करने के लिए सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को पूर्व में निर्देशित कर दिया गया था।

# महिमा को कैंसर बायोलॉजी में मिली पीएचडी की उपाधि

हमारा समाचार



**झुंझुनूं।** बिट्स पिलानी के बायोलॉजिकल साइंस विभाग में कार्यरत रही महिमा चौधरी को बिट्स विश्वविद्यालय ने कैंसर बायोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। महिमा ने यह शोध कार्य प्रोफेसर सुदेशना मुखर्जी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। झुंझुनूं के इंदिरा नगर निवासी व इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी सुरेश जाखड़ व विजय जाखड़ की पुत्रवधू महिमा का शोध गंभीर ब्रेन कैंसर ग्लियोब्लास्टोमा पर केंद्रित था। जिसमें उन्होंने कैंसर मेटास्टेसिस और ऑर्गेनेल होमियोस्टेसिस जैसे जटिल जैविक पहलुओं का विश्लेषण किया। बनस्थली विद्यापीठ से पीजी व नेट जेआरफ परीक्षा उत्तीर्ण कर कैंसर जैसे गंभीर विषय पर पीएचडी करने वाली महिमा चौधरी के पति अंकित जाखड़ व्यवसायी हैं। पिता अमीलाल मूंड सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी व माता कमला चौधरी अध्यापिका हैं।

# खाजूवाला बार एसोसिएशन ने क्षेत्राधिकार परिवर्तन के विरोध में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया

## अधिवक्ताओं ने एडीजे कोर्ट खाजूवाला से छतरगढ़ थाना क्षेत्र वापस लेने पर जताया रोष

हमारा समाचार



**खाजूवाला।** बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) खाजूवाला को ज्ञापन सौंपकर छतरगढ़ थाना क्षेत्र का क्षेत्राधिकार वापस लेने के मौखिक आदेश पर कड़ा विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने बताया कि इस अन्यायपूर्ण निर्णय के विरोध में आज से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बीकानेर द्वारा छतरगढ़ थाना क्षेत्र को एडीजे कोर्ट खाजूवाला के अधीन किया गया था। इसके तहत नियमित रूप से न्यायिक कार्यवाही हो रही थी। परंतु अब जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा बिना किसी विधिसम्मत आदेश के मौखिक रूप से क्षेत्राधिकार वापस ले लिया गया है, जिससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष धारणिया और संरक्षक एडवोकेट पुरुषोत्तम सारस्वत ने कहा कि यह निर्णय न्यायालयीन व्यवस्था के खिलाफ है और इससे क्षेत्र की जनता को भी न्यायिक प्रक्रियाओं में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि जब तक एडीजे खाजूवाला को पूर्ववत छतरगढ़ थाना क्षेत्र का क्षेत्राधिकार पुनः प्राप्त नहीं होता, तब तक अधिवक्ता अदालती कार्य नहीं करेंगे। सभी अधिवक्ता जिला मुख्यालय जाकर अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। इस मौके पर अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ संघर्ष का ऐलान किया गया। बार संघ ने मांग की है कि शीघ्र निर्णय को वापस लेकर न्याय व्यवस्था बहाल की जाए। इस दौरान एडवोकेट हनीफ, हंसराज देहडू, विनोद बिश्नोई, जगसीर सिंह सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# जिला परियोजना अधिकारी ने आसन पालोदा और लसाड़ा विद्यालयों का किया निरीक्षण

## एमएसआरए, वार्षिक परीक्ष, मिड डे मील एवं निर्माण कार्यों के बारे में ली जानकारी

हमारा समाचार



**गनोड़ा।** जिला परियोजना अधिकारी सुशील जैन एवं कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र सिंह चारण के द्वारा आसान पालोदा एवं लसाड़ा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। वर्तमान में वार्षिक परीक्षा चल रही है तथा वार्षिक परीक्षा के दौरान दोनों ही अधिकारियों ने इन तीनों विद्यालयों में अचानक पहुंचकर वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया। तीनों जगह परीक्षा व्यवस्थित तरीके से चल रही थी जिस पर दोनों ही अधिकारियों ने संतोष जताया। इसके अलावा विद्यालय में चलने वाले मिड डे मील के बारे में भी जानकारी ली तथा लसाड़ा विद्यालय में मिड डे मील को चख कर इसकी गुणवत्ता जांची गई। इसके अलावा पालोदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। पालोदा विद्यालय में लगभग एक करोड़ की लागत से एक डॉम, दो लैब तथा दो कक्षा कक्षों का निर्माण किया जा रहा है। दो डोम कक्षा कक्ष एवं लैब बनने से बच्चों को यहां पर अध्ययन में सुविधा मिलेगी। लसाड़ा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मौजूद फर्नीचर को भी देखा तथा अच्छे फर्नीचर को लेकर विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की गई। तीनों ही विद्यालयों में खेल एवं अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली गई तथा आगामी शिक्षण सत्र में बच्चों को अतिरिक्त कालांश से जोड़कर खेलों से मानसिक एवं शारीरिक विकास करने के निर्देश तीनों ही विद्यालयों के संस्थाप्रधानों को दिए गए।

# कश्मीर के पहलगाम में हुवे आतंकवादी हमले में मृतकों दी सज्जनगढ़ कस्बे के सनातन हिन्दु समाज ने दी श्रद्धांजलि



हमारा समाचार

**सज्जनगढ़।** कश्मीर के पहलगाम में हुवे आतंकवादी हमले में धर्म पूछकर घुमने आये हिन्दु पर्यटको की हत्या करने की आतंकी घटना में शहीद हुवे मृतको को गुरुवार को रात्रि 8 बजे मुख्य बस स्टेण्ड पर सनातन हिन्दु समाज्जनों ने दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी एवं इस आतंकी घटना में घायल हुवे लोगों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की एवं इस कुकृत्य की घोर निंदा की एवं ऐसे क्रूर मजहबी आतंकियों एवं उनके आकाओ को उनके कुकर्मो की ऐसी सजा देने की सरकार से मांग करी की उनकी आने वाली नस्ले भी याद रखे। इस मौके पर कहा की भारतवर्ष एवं हिन्दु समाज हजारों वर्षो से विदेशी आक्रांताओ के क्रूर हमलों को झेलता आया है। आज भी 21 वीं सदी में पाकिस्तान में बैठे मजहबी आतंकियों ने भारत में बैठे गद्धारो की मदद से कश्मीर घुमने गये 26 से अधिक हिन्दु भाइयो जिनमे छोटे छोटे वालक भी थे की धार्मिक पहचान हिन्दु होने पर क्रूर हत्या कर दी। मजहबी आतंकी घटना भी ऐसी की जिसमें नाम, धर्म पूछा, कलमा पढ़ाया एवं पेंट उत्वाकर धार्मिक पहचान करी एवं पत्नी के सामने पति की निर्दयता के साथ हत्या कर दी। भारत सरकार से सभी ने मांग करी की मजहब के नाम पर भारत से अलग होकर भी पाकिस्तान ने हमेशा भारत और हिन्दु समाज से नफरत कम ना कर 4 से 5 युद्ध लड़े जिनमे सभी में मुह की खाई अब छुपे रूप में आतंकी भेजकर भारत की आत्मा पर चोट करने की हिमाकत कर रहा है।

# राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में मनाया गया मलेरिया दिवस

## पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने  बचाव एवं उपचार के बारे  में जानकारी दी

हमारा समाचार



**झुंझुनूं।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में मातृ-शिशु विंग में मलेरिया दिवस मनाया गया। बीडीके अस्पताल के नर्सिंग विद्यार्थियों ने मलेरिया दिवस के अवसर मलेरिया के कारक, उपचार, बचाव के विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी की गई। सभी के मलेरिया रोकथाम की शपथ ली गई। मलेरिया रोकथाम शपथ का पत्र वाचन डॉ. भंवरलाल सर्वा के द्वारा किया गया। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने नर्सिंग विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मलेरिया के नियंत्रण, उन्मूलन के कार्यक्रम वर्ष 1956 से निरंतर चल रहे हैं। आमजन द्वारा जन-जागरूकता, समुचित उपचार, बचाव के तरीकों को अपनानें से ही मलेरिया के केसेज अब नगण्य हो गए है। झुंझुनूं जिले में मलेरिया केसेस की संख्या प्रतिवर्ष 30 केसेज से भी कम है। विगत सात दशकों में मलेरिया का महामारी से घटकर नगण्य केसेज होना स्वास्थ्यकर्मियों एवं आमजन की सक्रियता से ही संभव हो पाया है। महामारी के दौर से विलुप्त बीमारी की तरफ मलेरिया का अग्रसर होना आमजन एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुखद संकेत है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण के लिए एंटी लार्वल गतिविधियां अवश्य संपादित करें। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। रात्रि के समय मच्छर रोधी नेट का प्रयोग करें। आगामी दिनों में भी पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाने का तरीका जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए काम में लिया जाएगा। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. प्रियंका सेखसरिया, डॉ. सलीम जाजोदिया, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. नावेद, मंजू, अनुजा समेत चिकित्सक, नर्सिंगकर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बाकरा में पाला सकलाय दादा का दो दिवसीय मेला संपन्न

## पहले दिन हुआ जागरण, दूसरे दिन लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता, कुश्ती दंगल में जीता बाकरा का पहलवान

हमारा समाचार



**झुंझुनूं।** बाकरा स्थित पाला सकलाय दादा मंदिर में चल रहे दो दिवसीय मेले का समापन हो गया। दिन में पूजा कर भोग लगाने वालों की भीड़ रही तो दोपहर में आयोजन समिति की ओर से कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान पुलिस के जवान बाकरा निवासी अमित चौधरी विजेता रहे और भिवानी के प्रदीप उप विजेता रहे। विजेता को 11 हजार रुपए व उप विजेता को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पहलवान छगन मीणा ने भी 5100 रुपए की कुश्ती जीती। उसने बाड़मेर के मोटराम को हराया। आयोजन समिति के सदस्य व पूर्व सरपंच सतीश खीचड़ ने बताया कि मेले के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद मंदिर परिसर के पास कुश्ती प्रतियोगिताएं हुई। अंतिम कुश्ती में राजस्थान पुलिस के जवान अमित चौधरी विजेता व भिवानी के प्रदीप उप विजेता रहे। इसके अलावा 3100 रुपए की दो व 2100 रुपए की 20 से ज्यादा कुश्ती के मुकाबले हुए। विजेताओं को सुरेश खीचड़ व राजेंद्र खीचड़ की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान हुक्मीचंद, सुभाष व बगड़ अखाड़े के सुरेंद्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इससे पहले बुधवार रात को मंदिर परिसर पंडित नवरत्न दाधीच के सानिध्य में पूजा कर महाआरती की गई। इसके बाद जागरण हुआ था। जिसमें बाबूलाल चौधरी, मौसम मिनाक्षी, निशा राठौड़, महेश नागौर मारोठ, कमलेश प्रजापत, डांसर मीना मेवाड़ी, निशा कुमावत, तब्बू तोरावटी, नीलम शेखावाटी भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जबकि जादूगर राजेंद्र जादुई कलाकारी दिखाई। भजनों में 'सच्चा है तेरा दरबार', 'तू से दयाल दादा' जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। सुरेश खीचड़ और राजेंद्र खीचड़ ने अतिथियों व कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया। स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां, कृष्ण गावड़िया, मदनलाल खीचड़, सुभाष जांगिड़, शीशराम खीचड़, प्रताप खीचड़, सुभाष खीचड़, रामचंद्र खीचड़ आदि मौजूद रहे। मेले में युवा मंच की ओर से पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी।

## विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य भोला राम सैनी पुत्र श्री नाथूराम सैनी निवासी ग्राम रूण्डल तहसील आमेर जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति जो प्लाट नं. 42, स्कीम श्रीराम नगर ग्राम मोरीजा तहसील चौमूं जिला जयपुर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 152. 77 वर्गगज है जो की सिन्धू नगर को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि जयपुर जिला जयपुर से आंवटन पत्र मय साईट प्लान व रसीद को बाबुलाल पुत्र श्री रामेश्वर लाल के पक्ष में दिनांक 23.06. 1994 को जारी किया हुआ था तत्थपश्चात बाबुलाल पुत्र श्री रामेश्वर लाल से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 06.01.2020 को मेरे अभिभाष्य ने खरीद की हुई है तथा मेरा अभिभाष्य ही उपरोक्त सम्पति के मालिक व स्वामी है तथा उक्त मूल आंवटन पत्र मय साईट प्लान व रसीद दिनांक 15.01.2023 का कही से गुम हो चुका है, तथा उक्त सम्पति पर मेरे अभिभाष्य ने वृदी हॉम फाईनेन्स ब्रांच चौमूं से ऋण प्राप्त कर रहा है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

**दिनांक 25.04.2025**

**कैलाश चन्द्र अग्रवाल (पटवारी) एडवोकेट मो.**
**9928371734,9314141813**

# वेनपुरा गांव में तीन भाइयों के संयुक्त परिवार में अज्ञात कारणों से लगी आग

वाल्मीकि समाज का पीड़ित परिवार कर रहा प्रशासन और लोगो से मदद की मांग

## पांच दिन बाद होनी है बहिन की शादी, नगदी सहित सब कुछ जलकर खाक

हमारा समाचार





**बाड़ी।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के नोहरा ग्राम पंचायत के वेनपुरा गांव मे तीन भाइयों के संयुक्त छप्परपोश घर मे अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग और बाड़ी से पहुंची नगर पालिका की दमकल ने आग पर काबू पाया है। आग लगने की इस घटना में जहां घर का सारा सामान जलकर खाक हुआ है। वहीं बेटी की शादी के लिए बाजार से लाये कपड़े, फर्नीचर और शादी के लिए रखी नगदी भी जलकर खाक हुई है। घटना के बाद हल्का पटवारी और नोहरा सरपंच गांव पहुंचे हैं। कंचनपुर पुलिस ने भी मामले की जांच की है। वेनपुरा गांव निवासी कल्लन वाल्मीकि के पुत्र केदार, आधार और मुकेश तीनों एक संयुक्त परिवार में रहते हैं। हालांकि तीनों ने अलग-अलग घर बना रखे हैं लेकिन तीनों के घर एक दूसरे से सटे हुए हैं। गुरुवार को शाम 05 बजे के करीब जब घर में केवल महिलाएं थी। तीनों भाई और अन्य लोग बाड़ी बाजार से शादी का कुछ सामान लेने गए थे। क्योंकि आज शुक्रवार को उनकी बहिन की लग्न होनी थी। अचानक अज्ञात कारणों से पीछे की तरफ से घरों में आग लगी और यह आग धीरे-धीरे हवा के साथ बढ़ती हुई सभी घरों में फैल गई। महिलाओं के चीखने चिल्लाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घरों में लगी सम्बर पम्प एवं एकत्रित पानी से आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान सूचना पर बाड़ी से नगर पालिका की दमकल भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस दौरान घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

### बेटी की थी आज लग्न, 30 अप्रैल को शादी

घटना को लेकर पीड़ित कल्लन की पत्नी बुद्धों ने बताया कि उनकी बेटी सुमन की 30 अप्रैल को शादी है। आगरा के बीसलपुर से बारात आएगी। आज शुक्रवार को लग्न होनी है लेकिन अब कुछ भी नहीं बचा है। ऐसे में प्रशासन से मदद की उम्मीद है। उनके तीनों बेटी केदार, आधार और मुकेश जयपुर में होटलो में साफ-सफाई का काम करते हैं। जिन्होंने ही कुछ पैसा एकत्रित किया था जिसे भी अपनी बेटी की शादी कर रहे थे।

### आग लगने की घटना में यह हुआ नुकसान

आग लगने की इस घटना में तीनों घरों का सामान तो जला ही है साथ में शादी के लिए लाया गया फर्नीचर, शादी के कपड़े, करीब एक लाख से अधिक की नगदी 30 से 40 मन गेहूं एवं 6 चारपाई जलकर खाक हुई है।

# औषधि दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन की करें कार्यवाही-डीएम



हमारा समाचार

**धौलपुर।** जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के सहयोग से जिले में संचालित मेडिकल स्टोर पर संयुक्त कार्यवाही करें एवं निरीक्षण के दौरान दवा की दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस जारी करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को जिले में नशा मुक्ति अभियान का संचालित करने के निर्देश दिए एवं नशा मुक्ति भवन निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार कर आमजन को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए निर्देशित दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में अवैध चिकित्सालय संचालन करने वाले एवं झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में मृत्यु होने पर इसकी सूचना पुलिस को देने के लिए चिकित्सकों को पाबन्द किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों के उपयोग एवं भण्डार को रोकने के लिए सभी विभाग परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए आमजन को मादक द्रव्यों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराए एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर संबंधित विभाग नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# मुश्किल समय में जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्वः कलक्टर

## शांति समिति के सभी सदस्यों ने की पहलगाम आतंकवादी घटना की भर्त्सना

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

### हमले में जान गंवाने वालों लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने रखा मौन



हमारा समाचार

**धौलपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुई हिंसक आतंकवादी घटना के बाद पूरे देश में रोष व्याप्त है। इसी को देखते हुए सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा है कि मुश्किल समय में जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य उनके क्षेत्र में सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। इस हिंसक घटना के बाद जिले में कोई सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी प्रशासन व पुलिस को जानकारी दें। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कहा कि पुलिस आमजन के रोष को देखते हुए पूर्णतः सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन ऐसे मुद्दों पर नजर रखेगा जो कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए चुनौती हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, संस्था या जनसमूह किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक व उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा। बैठक में सभी सदस्यों ने इस आतंकवादी घटना एवं निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या की भर्त्सना की। शांति समिति के सभी सदस्यों ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने हेतु मौन धारण किया। बैठक में जिलेभर से आए विभिन्न समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं सभी ने अपने सुझाव शांति समिति की बैठक में दिए।

# पूर्व सैनिक और सर्व हिन्दू समाज द्वारा आक्रोश बैठक और श्रद्धांजलि सभा का भव्य आयोजन

## पहलगाम हमले को लेकर जताया आक्रोश, केंद्र सरकार से जंग की मांग

हमारा समाचार



**बाड़ी।** शहर में शुक्रवार को सर्व हिंदू समाज और पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा गांधी पार्क में आक्रोश बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ शिवदयाल मंगल के नेतृत्व में हुई इस आक्रोश बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न केवल निंदा की गई बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि वे देश की तीनों सेनाओं को खुली छूट दें। जंग का ऐलान किया जाए और आतंकियों को चुन चुन कर मरा जाए। जिन्होंने यह कायराना हरकत की है। उन्होंने केवल पर्यटकों पर हमला नहीं किया बल्कि देश पर हमला किया है। जिन्हें किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाना चाहिए। आक्रोश बैठक को संबोधित करते हुए डॉ एसडी मंगल ने कहा कि आज हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। आज देश के 15 लाख सैनिक आतंकियों और पाकिस्तान की इस कायराना हरकत को लेकर आक्रोश में है। जिनको खुली छूट की जरूरत है। सन 1965 की लड़ाई में जब देश गरीब था। लोगो ने भूखे रहकर भी जंग लड़ी। और फतह हासिल की। आज हम सब तरीके से संपन्न है। ऐसे में रोज-रोज की इन छद्मम लड़ाइयां का अंत होना चाहिए। जिससे बेगुनाह नहीं मारे जाएं और परिवार तबाह नहीं हो। बैठक के दौरान पहलगाम हमले के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने भी देश के प्रधानमंत्री से मांग की की वे अब जंग का ऐलान करें। बैठक के दौरान आरएसएस की शाखा प्रभारी रजनी सिंगल, भारत भारत विकास परिषद की वरिष्ठ पदाधिकारी सरोज मंगल, वंदना शिवहरे, पूर्व सैनिक बनवारी लाल, दारा सिंह पचौरी, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गिरीश शर्मा, गोपाल लहचोरिया, डॉ अशोक शर्मा, चिम्मन बाबा, रामकुमार गर्ग, महेश भटेले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सुंदनी बस स्टैंड पर स्कूल टेम्पो और बाइक की भिंडत में एक की मौत



हमारा समाचार

**सरेडी।** बड़ी से मोरड़ी शादी समारोह मे जा रहे थे पंचायत भवन के सामने दूसरी घटना कुछ वर्ष पहले भी डम्पर और स्कूल बस की टक्कर मे एक स्कूल छात्रा की मौत हों गई थी। आये दिन बस स्टेण्ड पर लगातार दुर्घटना होने से ग्रामीणों मे आक्रोश स्पीड ब्रेकर लगाने की की मांग सुंदनी सुंदनी बस स्टेण्ड पंचायत भवन के सामने एक स्कूल ऑटो व मोटरसाइकिल की भिंडत मे मोटर साईकिल सवार सरेडी बड़ी गोविन्द पिता नटवर बड़ उम्र 22 वर्ष की मोके पर ही मौत हों गई मृतक की चाचा मणिलाल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया की गोविन्द और उसका दोस्त दोने मोटरसाइकिल से मोरड़ी शादी मे जा रहे थे जो सुंदनी पंचायत भवन के सामने स्कूल टेम्पो के साथ भिंडत हों गई जिसमे गोविन्द की मोके पर ही मौत हों गई मोके पर भीमपुर चौकी प्रभारी एएसआई हेमंत पाटीदार और शिवराज सिंह चौधरी मोके पर पहुचे और शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया और आगे की कारवाही के लिए अनुसंधान जारी हैं।

# आक्रोशित युवाओं ने भारतीय सेना से किया आग्रह

## आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दो, इंसानियत के दुश्मनों को घर में घुसकर मारो

### गनोड़ा के नए बस स्टैंड पर हुई श्रद्धांजलि सभा, पाकिस्तान मुदार्बाद के लगाए नारे

हमारा समाचार



**गनोड़ा।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए हमले को लेकर देश भर में गुस्सा है तथा प्रत्येक भारतीय अब इन आतंकियों के खात्मे का आग्रह भारतीय सेना एवं भारत सरकार से कर रहा है। पूरा देश आतंकियों की इस कायराना हरकत पर आक्रोशित है तथा जल्द से जल्द इन आतंकियों को ढूंढ कर इनका खात्मा देखना चाहता है। कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए इन निर्दोष लोगों की आत्मा को शांति मिले इसको लेकर गनोड़ा के नए बस स्टैंड पर हनुमान मंदिर परिसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कियागया। इस श्रद्धांजलि सभा में युवाओं में काफी आक्रोश देखा गया तथा श्रद्धांजलि देने पहुंचे युवाओं ने भारतीय सेना तथा भारत सरकार से आग्रह किया है कि जिन्होंने यह बर्बरता की है उन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दो। उनके घर में घुसकर मानवता को शर्मसार करने वाले इन दरिंदों को जल्दी मौत के घाट उतारो ताकि देश अपना बदला पूरा कर सके। गनोड़ा के हनुमान मंदिर परिसर पर सर्व समाज के कई युवा एकत्रित हुए तथा युवाओं के द्वारा पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए। युवाओं ने बताया कि इन आतंकियों को पनाह पाकिस्तान देता है तथा पाकिस्तान के सहयोग से ही यह आतंकी अपनी दहशत फैलाते हैं। युवाओं ने भारतीय सेना से आग्रह किया है कि यदि यह आतंकी पाकिस्तान में भी छुप जाए तो वहां से भी ढूंढ कर इनका सफाया करो तथा पाकिस्तान को भी कड़ा सबक सिखाओ ताकि फिर कोई दहशतगर्द आतंक फैलाने की हिम्मत ना कर सके। बस स्टैंड पर सभा के दौरान मारे गए भारतीयों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि देने वालों में रुद्रेश्वर पंड्या, भावना उपाध्याय, कांतिलाल उपाध्याय, गौतम लाल पंचोली, सुभाष नायक, लीलाराम व्यास, गणेश भट्ट, भरत व्यास, उमेश जोशी, महिपाल सिंह वाघेला, चिराग तेली, प्रशांत वैष्णव, जिगर ताबीयार, निमेष भोई, लक्की वाघेला, हीमांशु व्यास, हार्दिक, कानु जोशी, दानवीर सिंह, जीगर राव, लोकेश मेहता, प्रदीप भट्ट, भूपेंद्र उपाध्याय, पंकज जोशी सहित सर्व समाज के युवा मौजूद रहे।

# चिड़ियावासा मे शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे 24 कुंडिय महायज्ञ का विशाल कलश यात्रा के साथ हुवा आज से हुवा आगाज

हमारा समाचार

**चिड़ियावासा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुञ्ज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ शान्तिकुञ्ज के आचार्य श्रीराम तपसवी एवं डॉ डी .पटेल और उनकी टोली के सानिध्य में 551 कलशो की यात्रा के साथ हुआ । इस अवसर पर कलश यात्रा गांवके विभिन्न चौराहों से होकर शिव मन्दीर पहुंची जहां विधी पूर्वक वेद मंत्रों से कलश का पूजन किया गया तपश्चात युगसंगीत युग निर्माण के नारो और उदगोष के साथ कलश यात्रा यज्ञ शाला पहुंची जहाँ कलश भगवान की विधिवत आरती उतारी गई इस आयोजन में चिड़ियावासा व आसपास के कई गावो के सर्वसमाज की माता बहिनो एव भक्तजनो ने भाग लिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के आशापूर्ण महाराज, धनपालजी खराड़ी, विजयलाल परमार, जिला कार्यकृम संयोजक रामलाल मसार, सुरेश जोशी, तुलसीराम जोशी, फुलगीरी महाराज, लालशंकर पारगी, कांतिलाल व्यास, आदि द्वारा पूजन विधि कार्यक्रम को संपन कराया, कार्यक्रम मे चिड़ियावासा सरपंच दीपक डोंडीयार, समाजसेवी शंभुलाल मीणा, तोलाराम निनामा, सहित चिड़ियावासा, रुजिया, नयापाड़ा तीनो गावों के सर्व समाजजनों ने भाग लिया। साथ ही तीनो गावों के समाजजनों सहित भामाशाहो का विशेष सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम मे तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को पूणार्हुति की जायेगी।



# बाड़ी के किसानों ने दिया प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन

हमारा समाचार



**बाड़ी।** रेलवे विभाग द्वारा आमान परिवर्तन योजना के अंतर्गत बाड़ी मे किसानों की कृषि भूमि अर्जित की जानी है। जिसको लेकर बाड़ी के किसानों ने शुक्रवार को कलेक्टर धौलपुर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया व जिला कलेक्टर से रेलवे विभाग द्वारा उचित मुआवजा दिलावाने की गुहार लगाई। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि बाड़ी में 2 साल पहले बाईपास रिंग रोड होकर निकल चुकी है जिसके बाद से हमारी कृषि भूमि की कीमतें डी.एल.सी दर से 10 गुना ज्यादा महंगी हो गई है। जबकी डी.एल.सी दरों में अभी तक कोई वृद्धि नहीं हुई है। हम किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। अगर रेलवे विभाग किसानों को उचित मुआवजा नहीं दे सकता तो पूर्व में जो जमीन रेलवे विभाग के पास मौजूद है जिस पर से पिछले 50 वर्ष से रेल निकल रही है उस पर से होकर रेल निकाले। बिना वजह किसानों की 150 बीघा कृषि भूमि को बर्बाद ना करें। आपको बता दें कि रेलवे विभाग द्वारा आमान परिवर्तन योजना में बाड़ी में करीब 150 बीघा कृषि भूमि को अर्जित किया जा रहा है। हालांकि कलेक्टर महोदय ने किसानों को उचित मुआवजा दिलावाने व सभी किसानों को पूर्ण रूप से संतुष्ट करने का आश्वासन दिया है। जिससे किसानों में न्याय की उम्मीद जागी है। किसानों का कहना है पहले भी हम कई बार समय-समय पर धौलपुर आकर अपनी आपत्ति दे चुके हैं मगर हमारी समस्या का अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ है। अब हमको उचित मुआवजा नहीं दिया तो अब हम धरातल पर एक बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे व रेलवे विभाग को अपनी कृषि भूमि में घुसने नहीं देंगे। इस मौके पर किसान यूनियन धौलपुर उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, सैफ सईद खान अध्यक्ष मुस्लिम समाज कमेटी बाड़ी, शकील कुरेशी अध्यक्ष वक्फ बोर्ड कमेटी बाड़ी, पप्पू, प्रसादी, सुहेल अहमद दिलेजा इस्त्री नेनुआ, राजेश सलमान सईद खान रामनिवास फिरोज पप्पू शाकीर छोटे हाकिम कुशवाह नंदन कुशवाहा रामजीलाल रामनिवास भगत, लल्लू राम भगत, रामेश्वर कुशवाह, ईश्वरी प्रसाद, मांगीलाल कुशवाह, नेनुआ कुशवाहा, रामजीलाल कुशवाह, जनडेल्ल कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, खुशी लाल, सुखवीर, ताराचंद, नंदन, राम अवतार, चंदन, मनीषा, विमलेश, ओमवती, अनारदी, रामस्वरूप किसान यूनियन के काफी तादाद में किसान मौजूद रहे।

# धौलपुर में 'प्रोजेक्ट बालवर्धन' की प्रभावशाली शुरूआत

## बच्चों के समग्र विकास एवं पोषण हेतु जिला प्रशासन और नंद घर की ऐतिहासिक साझेदारी

हमारा समाचार

**धौलपुर।** हजारों बच्चों और धात्री माताओं के भविष्य को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के उजाले से रोशन करने हेतु प्रोजेक्ट बालवर्धन, वेदांता ग्रुप के नंद घर की नवीनतम पहल, जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से धौलपुर में प्रारंभ हुई। इस पहल का उद्देश्य जिले को कुपोषण मुक्त बनाना और आंगनवाड़ी सेवाओं को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर श्री श्रीनीधि बी.टी. ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा, प्रोजेक्ट बालवर्धन हमारे जिले के लिए सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की एक सशक्त नींव है। जिला प्रशासन, नंद घर और समुदाय के सहयोग से हम धौलपुर को कुपोषण से मुक्त करने और आंगनवाड़ी प्रणाली को नवाचारों से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोजेक्ट बालवर्धन की सफलता का मूल मंत्र है। मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व और गहरी सामुदायिक भागीदारी। जिला प्रशासन ने इस परियोजना की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी में अग्रणी भूमिका निभाई है।



### रोलः 80,000 से अधिक बच्चों और 15,000 महिलाओं को मिलेगा लाभ

इस परियोजना के अंतर्गत जिले के 0-6 वर्ष की उम्र के 80,000 से अधिक बच्चों और 15,000 से ज्यादा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। 800 से अधिक आंगनवाड़ियों को अत्याधुनिक नंद घर में बदला जा रहा है, जहाँ स्मार्ट ई-लर्निंग, डिजिटल ग्रोथ मॉनिटरिंग, हेल्थ चेकअप और पोषण सपोर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। यह परियोजना जिले को राजस्थान में बाल एवं मातृ कल्याण के एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है। नंद घर के सीईओ शशि अरोड़ा ने कहा, प्रोजेक्ट बालवर्धन का उद्देश्य सिर्फ सुविधाएं देना नहीं, बल्कि बच्चों और माताओं की ज़िंदगी में स्थायी बदलाव लाना है।

### नाट्य मंचन से दर्शाई नंद घर एवं पोषण की भूमिका

नंद घर एवं बालवर्धन कार्यक्रम की कार्य प्रणाली, महत्व इत्यादि पर प्रकाश डाला जिसको सभी उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। इस परियोजना के अंतर्गत विशेष एसबीसीसी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया है, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा मिला है। प्रोजेक्ट बालवर्धन न केवल बच्चों और माताओं की सेहत और भविष्य को बदलने का वादा करता है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, आईसीडीएस के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वेदांता ग्रुप के प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद थे।

हमारा समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2025-2027



# दूदू ब्लाइंड मर्डर में हुआ सनसनीखेज खुलासा.. बहन से दोस्ती की सजा; बेरहमी से कुचला सिर!

## खौफनाक तरीके से दिया गया वारदात को अंजाम, बहन की दोस्ती भाई को नहीं आई रास

हमारा समाचार

**जयपुर।** जिला ग्रामीण से एक खौफनाक वारदात सामने आई है। यह वारदात जिले के दूदू इलाके में हुई। जहां दो साल बाद एक रंजिश को बड़ी खौफनाक तरीके से अंजाम दिया गया। दरअसल, मोखमपुरा थाना पुलिस ने 16 अप्रैल को इलाके में हुए एक ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया है। जिसकी सच्चाई सामने आने के बाद इलाके में हडकंप मच गया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी गिर्राज, शेख और दीपू जाटव हैं, जो खुडियाला गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने हत्या करने में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 16 अप्रैल को महलां गांव में एक बारात आई थी। इसमें गांव का एक युवक बुद्धि प्रकाश रैगर लापता हो गया था, जिसकी परिजनों ने 17 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और इसी दौरान युवक का शव विराट सिटी के पास नाले के पास सड़ी-गली हालत में मिला, जिसकी पहचान बुद्धि प्रकाश के रूप में हुई। शव मिलने के बाद पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की। टीम ने गांव के सभी सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल चेक की और बारात के 7 हजार डिजिटल फोटो की भी जांच की। साथ ही लोगों से पूछताछ की गई। इसमें सामने आया कि बारात में बुद्धि प्रकाश का गिर्राज नाम के युवक से विवाद हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ युवक मृतक को एक तरफ ले जाते हुए देखे गए थे। इस पर पुलिस ने संदेह के आधार पर गिर्राज बोहरा को गिरफ्तार कर उससे सख्ती से पूछताछ की।

**पत्थर से कई बार बेरहमी से कुचला सिर, तीन आरोपी गिरफ्तार**

### युवक को बाइक पर ले जाकर घोंटा गला



### दो साल पहले मृतक करता था आरोपी की बहन से बात, इसी बात पर की हत्या

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृतक दो साल पहले उसकी बहन से बात करता था, जिसके चलते दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। गिर्राज ने अपने दोस्त दीपू और शेखर के साथ मिलकर बारात में बुद्धिप्रकाश की हत्या करने का प्लान बनाया। जिसमें उन्होंने बहाना बनाकर मृतक को बाइक पर बैठाया और गांव से बाहर ले जाकर पहले उसका गला दबाया, फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को घसीटकर नाले में फेंक दिया और तीनों दोबारा बारात में शामिल हो गए। पुलिस ने फिलहाल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# भाजपा सरकार में बगरू विधानसभा क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्य: डॉ. वर्मा

## नगर निगम ग्रेटर वार्ड 116 में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास



स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी की शिरकत

हमारा समाचार

**बगरू।** बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर के वार्ड नं. 116 में आयोजित लोकार्पण समारोह में स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नवनिर्मित पार्षद कार्यालय का लोकार्पण किया गया तथा वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं सेक्टर 23 की डामर सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट निर्देश है कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों में गति लाई जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में प्रदेश में सडक, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य स्वीकृत हो रहे हैं और समयबद्ध रूप से पूर्ण भी किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को लेकर जनता ने प्रसन्नता जताई और सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सारण, नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर, वार्ड की पार्षद श्रवणी देवी जाट, मंडल अध्यक्ष अजय पारीक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

# स्वराज संवाद थीम के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

## कालख बांध पर लोगों को समझाया महत्व



हमारा समाचार

**जोबनेर।** झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित कालख बांध पर मासिक मीटिंग का आयोजन कर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झोटवाड़ा के अध्यक्ष मांगीलाल बुनकर, जिला परिषद सदस्य पेमाराम सेपट, पंचायती राज संगटन के झोटवाड़ा विधानसभा कन्वीनर नरेन्द्र शर्मा ने लोगों को इस दिवस का महत्व समझाया। इस दौरान सीबी यादव ने बताया कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था शुरू की गई। हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह व्यवस्था ग्रामीण विकास और जन भागीदारी को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन के बाद पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली लागू की गई। साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में घोषित किया। मासिक मिटींग कार्यक्रम को स्वराज संवाद थीम के नाम से मनाया गया। इस दौरान किसान नेता बनवारी, मंडल अध्यक्ष रूपनारायण रुण्डला , मुरली मनोहर कुमावत, खेजड़ावास सरपंच सोहन सेपट, पेमाराम चौपड़ा, रोशन खढ्ढा, मुकेश बालोटिया, गोपाल मावलिया, रामस्वरूप कुड़ी, नानुराम कुमावत, दयाल बालोटिया, प्रदीप मीणा, सरपंच शारदा सेपट, यतीश वर्मा, दीपक चौहान, विमला जाजोरिया, मनीष पाराशर, नवीन बुरी, शंकर गुर्जर , जीतु ऐचरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कॉलरशिप टेस्ट में राजधानी देगा ढेरों सौगातें.. आज विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा दिखाने का मौका

## 6वीं से 12वीं परीक्षा दे चुके हिन्दी व इंग्लिश मीडियम विद्यार्थियों के लिए राजधानी साइंस धारा स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट (आरएसडी-सेट) का आयोजन आज, बाइक-साइकिल सहित लाखों की स्कॉलरशिप जीतने का मौका

हमारा समाचार



**पचकोडिया।** कोटा व पचकोडिया कस्बे में नीट, जेईई, सीयूईटी, जेट की तैयारी कराने वाले इंस्टीट्यूट राजधानी एजुकेशनल ग्रुप पचकोडिया द्वारा संचालित राजधानी साइंस धारा की ओर से इस वर्ष आरबीएसी व सीबीएसी से 6वीं से 12वीं की परीक्षा दे चुके हिन्दी व इंग्लिश मीडियम विद्यार्थियों के लिए राजधानी साइंस धारा स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट (आरएसडी-सेट) का आयोजन 27 अप्रैल को 11 से 1 बजे के बीच राजधानी साइंस धारा पचकोडिया के कैंपस में होगा जिसके प्राइजेज का विमोचन किया गया। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलराम सिंह यादव व प्रिंसिपल हेमेन्द्र शर्मा व एक्जाम कॉर्डिनेटर कल्पेश यादव ने बताया कि कक्षा दसवीं के टेस्ट में विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 मोटर साइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2 साइकिल, तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 राजधानी का नाम लिखी टी-शर्ट्स, 11वीं व 12वीं के टेस्ट में विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3-3 साइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21-21 राजधानी का नाम लिखी टी-शर्ट्स व 6वीं से 9वीं तक प्रथम पुरस्कार के रूप में 1-1 साइकिल, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21-21 राजधानी का नाम लिखी टी-शर्ट्स एवं साथ ही सभी कक्षाओं में प्रवेश लेने पर रैंक के अनुसार लाखों रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। टेस्ट एकदम निःशुल्क रहेगा। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन व्हाट्एप नम्बर 9785542222 व ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए परीक्षार्थी को 9785542227, 9785542225 पर कॉल करना होगा। ऑफलाईन फॉर्म मौके पर ही भरा जा सकेगा। सुबह 7.30 से 10 बजे के बीच रिपोर्टिंग करनी होगी। उसी दिन 27 अप्रैल को ही दोपहर 1 से 3 बजे निदेशक व राष्ट्रीय मोटीवेटर डॉ. रमेश यादव की मोटिवेशनल सेमिनार, कैरियर गाइडेन्स व पुरस्कार वितरण होगा। हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कक्षा 6 से 10 की विज्ञान व गणित विषय के कुल 60 ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को ओएमआर शीट पर करना होगा। जबकि 11वीं व 12वी सांइस के लिए फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी या मैथ के कुल 90 ऑब्जेक्टिव प्रश्नों को हल करना होगा। 4:1 की निगेटिव मार्किंग भी होंगी। विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र पर नीला पेन, स्वयं का एक पासपोर्ट साइज फोटो, पिछली कक्षा की परीक्षा का प्रवेश पत्र या मार्कशीट, ऑरिजनल आधार कार्ड साथ लाना होगा।

# श्री सैन महाराज की 725 वीं जयंती धूमधाम से मनाई



हमारा समाचार

**जयपुर।** संत शिरोमणि श्री सैन महाराज कि 725 वीं जयंती विभिन्न जिलों सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाई गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित प्रमुख रूप से राजधानी जयपुर में श्री नारायणी माता बगीची में कलश यात्रा, भजन एवं भोजन प्रसादी में बहुत बड़ी संख्या में सैन समाज के लोगों ने भाग लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश दाधीच प्रदेश मंत्री अशोक सैनी , चावला जी, अपूर्वा सिंह जी सहित केशकला बोर्ड के पूर्व चैयरमेन श्री मोहन मोरवाल के नेतृत्व में सैन समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री मोहन मोरवाल ने सैन समाज को शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सैन समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी श्री उमेश सैन सामोद वालों ने बताया कि सैन जयंती के अवसर पर आयोजनों में विशेष रूप से होटल ऐसोसिएशन अध्यक्ष श्री गजेन्द्र लूनीवाल, सैन समाज शिव हनुमान सेवा समिति के संरक्षक श्री श्याम लाल सामोद, अध्यक्ष श्री कालूराम भांकरी, सचिव श्री भानु प्रकाश वर्मा,मंदिरान ट्रस्ट कार्यवाहक अध्यक्ष श्री रामजीलाल सैन पडासोली, ट्रस्टी श्री किशन बिहारी टांक भाजपा नेत्री श्रीमती मंजू सैन बिलोद, श्रीमती वृत्तिका सैन, सैन विकास सम्पादक श्री सोभाग गोठिया,संत शिरोमणि अखबार के सम्पादक श्री मुकेश सैन सामोद,श्री राजेश वर्मा, भाजपा आई टी सेल श्री दिपक सैन, श्री राजेन्द्र दुहारिया, मिडिया प्रभारी प्रमोद जी वशिष्ठ, योगेन्द्र सखवाया सहित अनेक विशिष्ट एवं गणमान्य लोगों ने कार्यक्रमों में शामिल हो कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# गांव पाडला गणेश को यथावत बरोडा पंचायत में रखने की मांग

**बांसवाड़ा।** शहर की माही डैम मार्ग पर स्थित पाडला गणेश के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर यथावत ग्राम पंचायत बरोडा में रखने की मांग की. वर्तमान परिसीमन में इस गांव को लक्ष्मणगढ़ झरी में कर दिया है ग्रामीणों ने बताया कि पाडला गणेश को ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ झरी में शामिल करने से आबादी 4382 हो जाएगी जो अनुचित है. ग्रामीणों ने कहा कि हमें ग्राम पंचायत बरोडा में ही रखा जाए. ज्ञापन देने वालों में वार्ड पंच गौतम, वार्ड पंच बहादुर, बलवंत, बाल सिंह ,रामलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए।

# पहलगाम हमले के बाद आमजन में गुस्सा सर्व हिंदू समाज ने निकाली आक्रोश रैली

हमारा समाचार



**जयपुर।** पहलगाम कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर हिंदू पर्यटकों की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में सुन्दर विहार कालवाड़ रोड पर आक्रोश रैली का सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजन किया गया। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। महिलाओं की सहभागिता और महिलाओं के जोश को देखकर सभी लोगों ने इसकी प्रशंसा की। मेजर निधि शर्मा ने आक्रोश सभा में अपने संबोधन में कहा कि यह आक्रोश की आग हमारे दिलों में हमेशा जलती रहनी चाहिए आग बुझ जाने के बाद केवल राख बचती है जिसकी कोई कीमत नहीं होती । हिंदुस्तान में हिंदू पैदा होना क्या गुनाह हो गया? अगर धर्म पूछ कर हत्या होने लगी है तो हिंदुओं को भी इस पर विचार मंथन कर निर्णय लेना चाहिए । आक्रोश सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक धनंजय सिंह, गिर्राज खांडल, अर्चना शर्मा पार्षद वार्ड नंबर 43, सुशीला बारी पार्षद वार्ड नंबर 44, कन्हैयालाल प्रधान, आनंद सिंह खेड़ी, सत्येंद्र सिंह शेखावत एवं लूणसरा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। उम्मेद सिंह शेखावत, रघुनाथ सिंह मींडा, सत्यनारायण प्रधान, राम सिंह सुदरासन, सत्यनारायण शर्मा, धीरेन्द्र सिंह शेखावत, प्रकाश तिवारी, लक्ष्मण सिंह तोषीना आदि सर्व हिंदू समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सबने पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमले में जान गंवाने सभी पुण्यात्माओं को विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आक्रोश सभा के पश्चात मंगलम आंचल चोराहा से बजरंग द्वार होकर मशाल रैली निकाली गई जो वापस सभा स्थल पर आकर समाप्त हुई। मशाल रैली के पश्चात आतंकवाद का पुतला जलाया गया और कैंडल्स जला कर स्वर्गीय पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कुत्तों के झुंड ने ली बकरियों की जान पशुपालक ने की मुआवजे की मांग

## हिंगोनिया के बड़ की ढाणी निवासी कैलाश नाई के बाड़े में कुत्तों का हमला



दो बकरियों की मौत; दो घायल, पशुपालक की कमाई का इकलौता जरिया है बकरी पालन

हमारा समाचार

**जोबनेर।** हिंगोनिया के बड़ की ढाणी निवासी कैलाश नाई के बाड़े में कुत्तों के झुंड ने घुसकर बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। बकरियों की आवाज सुनकर घरवाले जब बाहर आए तब तक कुत्तों के झुंड़ ने दो बकरियों को मार दिया और दो को घायल कर दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कैलाश नाई का परिवार बकरी पालन करके ही जीवन यापन कर रहा थाऔर उसकी आमदनी का एकमात्र जरिया बकरी पालन ही था। मौके पर सुबह समाजसेवी ओमप्रकाश कुमावत, मुकेश, बिरमचंद, गणपत नाई सहित अन्य लोग पहुंचे और प्रशासन से कुत्तों को पकडकर अन्यंत्र छोडने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग रखी।

# आंखों में नमी और दिलों में आक्रोश..कैंडल मार्च के जरिए दी पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि

**जन चेतना विकास समिति के तत्वावधान में बोरिंग चौराहा, कालवाड़ रोड पर एकजुट हुए हजारों**

### आतंकवाद का पुतला जलाया और अमानवीय कृत्य के खिलाफ बुलंद की आवाज

हमारा समाचार






**जयपुर।** पहलगाम में हाल ही में हुई अमानवीय आतंकी घटना ने सम्पूर्ण मानवता को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष हिंदू भाइयों का नरसंहार न केवल एक समुदाय पर आघात है, बल्कि हमारे समस्त राष्ट्र के हृदय पर गहरा घाव है। इस पीड़ा और अन्याय के विरुद्ध जन चेतना समिति झोटवाड़ा द्वारा शुक्रवार शाम बोरिंग चौराहा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा पर अपना रोष रोष प्रकट किया गया और आतंकवाद का पुतला दहन कर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और आतंक के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। जन चेतना समिति के संजीव खांडल ने बताया कि इस कैंडल मार्च में सभी 36 कौम, हर वर्ग के साथ ही कॉलोनी विकास समितियों, व्यापार मंडलों, समाजसेवी संगठनों एवं युवाओं ने भागीदारी निभाई। यह प्रदर्शन शुद्ध गैर राजनीतिक है रहा। जन चेतना समिति झोटवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष धर्मराज सिंह जादौन, संजीव खांडल एवं सचिव लक्ष्मी कांत शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जनमानस की सहभागिता और भावनात्मक ऊर्जा ने यह सिद्ध कर दिया कि जब बात देश और मानवता की होती है, तो पूरा समाज एक स्वर में खड़ा हो जाता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, स्थानीय-संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।